**आज का मौसम**
बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना।

| 28.0° अधिकतम तापमान | 08.6° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 06 : 42 | सूर्यास्त 06 : 03 |

# 19 हजार करोड़ का होगा निवेश, मिलेंगे रोजगार

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए आज जमीन पर उतरेंगे एमओयू, उद्योग बढ़ने से लगभग 20 हजार युवाओं को मिलेगा सीधा लाभ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** औद्योगिक विकास की दिशा में सोमवार को एक शहर एक कदम और आगे बढ़ जाएगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में जिन उद्यमियों ने औद्योगिक इकाई, अस्पताल, हाउसिंग सोसाइटी आदि के क्षेत्र में निवेश के लिए एमओयू किया था अब उनके प्रोजेक्ट धरातल पर आएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रदेश के अन्य जिलों के साथ ही कानपुर के प्रोजेक्ट की भी आधारशिला रखेंगे। शहर की 19 हजार करोड़ की 238 परियोजनाओं का शिलान्यास पीएम मोदी के हाथों होगा। इन परियोजनाओं के मूर्त रूप लेने से 20 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर शहर में भी विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 30 उद्यमियों का सम्मान भी होगा।

लखनऊ में हुए ग्लोबल इनवेस्टर समिट में कानपुर को लगभग 85 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे। इन प्रस्ताव में लगभग 56 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव परवान चढ़े हैं। इन्हीं निवेश प्रस्ताव में से 238 प्रोजेक्ट ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए चयनित किए गए हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री के हाथों शिलान्यास होने के साथ ही इन पर काम शुरू हो जाएगा। नए उद्योग बसाने के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र की ओर से जरूरी सहायताएं भी उद्यमियों को उपलब्ध कराई जाएंगी। माना जा रहा है कि उद्योग के बढ़ने से शहर के स्वरूप में भी बदलाव दिखाई देगा। उद्योग के शुरू होते ही युवाओं की भर्ती इनमें शुरू हो जाएगी।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल कई ऐसी इकाइयां भी हैं जिनका विस्तार किया जा रहा है। इन इकाइयों में भर्ती प्रक्रिया को शुरू भी कर दी गई है। इनमें साबुन, चमड़ा, शिक्षा जैसी इकाइयां शामिल हैं। इसी तरह शहर में सोमवार को शिलान्यास के लिए जो इकाइयां शामिल की गई है उनमें शिक्षा, प्लास्टिक, गारमेंट, पैकेजिंग, चमड़ा, चिकित्सा उपकरण सहित अन्य क्षेत्रों की कंपनियां शामिल हैं।



ट्रांसगंगा सिटी में लगनी हैं औद्योगिक इकाइयां। अमृत विचार


चर्म उत्पादों से जुड़ी इकाइयां भी लगेंगी। अमृत विचार

> इनवेटर समिट में साइन हुए एमओयू बहुत बड़े हिस्से का लक्ष्य इस बार पूरा किया गया है। कई इकाइयां ऐसी भी हैं जिनमें विस्तार के बाद उत्पादन कार्य शुरू भी हो चुका है। नए उद्योग लगने से जिले में रोजगार के भी युवाओं के पास अधिक विकल्प खुलेंगे। युवाओं को उनके शहर में ही रोजागर मिलेगा। इकाइयां शुरू होने के बाद प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों ही तरह के रोजगार युवाओं को हासिल हो सकेंगे।
>
> –सुधीर श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र

### महिलाओं को भी रोजगार

19 हजार करोड़ रुपये की इन परियोजनाओं में 20 हजार युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद है। इनमें करीब आठ हजार महिलाएं भी होंगी। गारमेंट, मैन्युफेक्चरिंग, पैकेजिंग आदि क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर खुलेंगे।

### निवेश की स्थिति

| विभाग | निवेश |
|---|---|
| यूपीसीडा | 10122 |
| शहरी विकास | 3000 |
| एमएसएमई | 1773 |
| आवास विभाग | 1174 |
| उच्च शिक्षा | 680 |
| पर्यटन | 586 |

नोट : निवेश की राशि करोड़ रुपये में है

### मेगा लेदर क्लस्टर का शिलान्यास नहीं

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शहर के सबसे बड़े प्रोजेक्ट रमईपुर में प्रस्तावित मेगा लेदर क्लस्टर का शिलान्यास नहीं होगा। इस क्लस्टर में 5,800 करोड़ रुपये का निवेश होना है। मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट यूपी लिमिटेड के निदेशक अशरफ रिजवान का कहना है कि इस परियोजना का शिलान्यास जब प्रधानमंत्री कानपुर आएंगे तब होगा। इस क्लस्टर में डिजाइन स्टूडियो, सभागार, जल शोधन संयंत्र लगने से चर्म कारोबारियों की परेशानी दूर हो सकेगी। इसके अलावा एक ही जगह पर 350 इकाइयां आने से बाहर से आने वाले कारोबारियों को भी भटकना नहीं होगा। इसके बनने से निर्यात में भी बढ़ावा हो सकेगा। अशरफ रिजवान का कहना है कि कानपुर ही नहीं यह परियोजना पूरे प्रदेश के लिए काफी अहम है।

### सजीव प्रसारण दिखेगा

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए शहर में भी भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जीटी रोड के एक निजी होटल को चुना गया है। इस आयोजन में शहर के बड़े उद्योगपतियों के साथ ही जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इसके अलावा प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इस आयोजन में विशेषज्ञों और जनप्रतिनिधियों की ओर से शहर में लगने वाले उद्योग के भविष्य में होने वाले लाभ को भी बताया जाएगा।

## एक नजर

### शादी समारोह से लौट रहे अधेड़ को वाहन ने रौंदा

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र स्थित भौती के बंगाली मोड़ के पास रविवार रात शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे बाइक सवार अधेड़ को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। घटना के बाद हाईवे पर भीषण जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मॉर्चुरी भिजवा कर जाम खुलवाया। सचेंडी के बछऊपुर गांव निवासी अमर सिंह उर्फ कल्लू( 50) दुग्ध व्यापारी थे। रविवार को वह पड़ोसी धर्मेंद्र सिंह के साथ सरसौल के खजुरिया गांव में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वापसी के दौरान भौंती हाईवे पर बंगाली मोड़ के पास पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। गाड़ी अनियंत्रित होने पर पीछे बैठे अमर सिंह सड़क पर जा गिरे, तभी पीछे से आया तेज रफ्तार अज्ञात वाहन अमर सिंह को रौंदता हुआ निकल गया। वहीं धर्मेंद्र को मामूली चोट आई। ग्रामीणों ने हादसे की जानकारी सचेंडी पुलिस को दी। घटना के बाद हाईवे पर वाहनों की कतार लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मॉर्चुरी में रखवा कर जाम खुलवाया।

## कृषि क्षेत्र में हो सकेंगे कई नवीन शोध

**कानपुर।** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए जिले को एक और अंतरराष्ट्रीय कृषि विश्वविद्यालय की सौगात मिलेगी। यह सौगात महर्षि महेश योगी अंतरराष्ट्रीय कृषि विश्वविद्यालय के रूप में होगी। विश्वविद्यालय बनने की शुरुआत इसी महीने से होगी। यह पूरा प्रोजेक्ट 680 करोड़ रुपये का है। माना जा रहा है कि इस विश्वविद्यालय के बनने के बाद यहां पर विश्वस्तरीय कृषि शोध कार्य संभव हो सकेंगे। इसके लिए अत्याधुनिक प्रयोगशाला को भी प्रोजेक्ट में शामिल किया है।

यह विश्वविद्यालय उन सभी 19 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट का हिस्सा है। माना जा रहा है कि नए कृषि विश्वविद्यालय के मिलने के बाद शहर में युवाओं के लिए शैक्षणिक सुविधाओं में इजाफा होगा। उनके लिए सीटें बढ़ेंगी और सीटों के लिए होने वाली मारामारी कम हो सकेगी। इसके अलावा शिक्षण संस्थान में फैकेल्टी के लिए भी संभावनाएं बढ़ेंगी। शहर में एक और कृषि विश्वविद्यालय खुलने से इस बेल्ट के किसानों को भी सीधा लाभ हो सकेगा। किसानों को कृषि से संबंधित जानकारी के लिए एक विकल्प मिलेगा। इससे उन्हें खेती के लिए दी जाने वाली विशेषज्ञों की सलाह की तुलना भी आसानी से हो सकेगी। अभी उनके पास सिर्फ सुझाव के लिए विकल्प हैं।

# स्टार्टअप के जरिए युवाओं के सपने होंगे पूरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**02** हजार स्टार्टअप पर शहर में काम चल रहा

**150** स्टार्टअप को अब तक मिल चुकी है फंडिंग

- उद्योग बढ़ने से नवाचार के लिए बाहर नहीं जाना होगा
- शहर में ही विशेषज्ञों की मिल सकेगी राय, बढ़ेगा बाजार

**अमृत विचार।** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को विशेषज्ञ शहर के स्टार्टअप के लिए भी बेहतर माहौल मान रहे हैं। उनका कहना है कि शहर में औद्योगिक इकाइयां बढ़ने से इन्फ्रास्ट्रक्चर भी बेहतर होगा। इसके अलावा स्टार्टअप के लिए इनवेस्टर और एक्सपर्ट के लिए युवाओं को दौड़भाग भी कम करनी होगी। फिलहाल शहर में लगभग 2 हजार स्टार्टअप पर काम चल रहा है। इनमें लगभग 150 को इनवेस्टर भी मिल गए हैं। उद्योग बढ़ने से इनमें और अधिक इजाफा हो सकेगा।

शहर के शिक्षण संस्थानों में इनोवेशन सेंटर के जरिए युवाओं के भीतर स्टार्टअप को खड़ा करने पर काम चल रहा है। कई डिग्री कॉलेज भी हैं जहां पर युवा अपने नवाचार पर काम कर रहे हैं। इनमें सीएसजेएमयू कैंपस, पीपीएन डिग्री कॉलेज सहित अन्य निजी शैक्षणिक संस्थान भी शामिल हैं। इसके अलावा कुछ युवा अपने स्तर पर भी खुद के कारोबार को बढ़ाने में लगे हुए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार का फोकस नवाचार की ओर अधिक है। यही वजह है कि आज सरकारी विभागों के अधिकारी, युवाओं को कारोबार को खड़ा करने में पूरा सहयोग कर रहे हैं। ऐसे में शहर और प्रदेशस्तर पर बड़े निवेश का जमीन पर आना नवाचार के लिए भी बेहतर साबित हो रहा है। बड़ी कंपनियां शहर आ रही है और इसके साथ ही उन कंपनियों से जुड़े विशेषज्ञ और इनवेस्टर भी प्रदेश या शहर आएंगे। ऐसे में युवा जो एक्सपोजर अभी तक अन्य प्रदेशों में तलाशते थे वह उन्हें खुद के प्रदेश या शहर में ही मिल सकेगा। इस सरकार में उद्योग के लिए जो माहौल बना है वह और अधिक तेजी पकड़ेगा।



> शहर में कई बड़े प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो गया है। बड़े प्रोजेक्ट को देखकर और भी कई बड़ी कंपनियां शहर आएंगी। इससे स्टार्टअप को सबसे अधिक लाभ होगा। प्रदेश में स्टार्टअप का बेहतर माहौल है और इसका लाभ शहर को मिल रहा है। इससे खुद का कारोबार करने वाला युवा उत्साहित है। निवेश बढ़ने से उसका सीधा लाभ स्टर्टअप को भी मिलेगा।
>
> –कार्तिक कपूर, चेयरमैन, यूथ वर्क्स एसोसिएशन



> ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी पर शहर के स्टार्टअप से जुड़े युवा भी नजर रखे हुए हैं। उद्योग बढ़ेगा तो बाजार में बढ़ोत्तरी भी होगी। ऐसे में कई नए तरह के उत्पादों की मांग भी बाजार में बढ़ेगी। युवा उसी पर फोकस है। सरकार की ओर से लगातार युवाओं को सहयोग मिल रहा है। उद्योगिक गतिविधियां बढ़ने से युवाओं को होने वाली एक्सप्रोजर की कमी भी दूर होगी।
>
> –विपुल इसरानी, चेयर सोशल, यूथ वर्कस एसोसिएशन

### उद्यमियों का होगा सम्मान

**कानपुर।** यादवेन्द्र सचान, मेसर्स ग्रोमोर इंटरनेशनल, आकृति सिंह, मेसर्स भुवो हरमानों प्रालि, संगीता सिंह, मेसर्स रूद्धि इंटरलेशनल, वंशिका निगम, मेसर्स तन्वी इंटरप्राइजेज, आयुषी सेठ, मेसर्स गुढग्रागस प्रालि, कमलदीप, मेसर्स बडी ओवरसीज, हिमांशू जैन, सीईओ फ्लैटेड फैक्ट्री काम्पलैक्स, एसबी जखोटिया, मेसर्स ट्रिनिटी टेप्स प्रालि, आरएन त्रिपाठी, न्यू स्टार्टअप, अरूण शाह, मेसर्स इन्जेक्टोप्लास्ट, आरके अग्रवाल, मेसर्स नेट प्लास्ट प्रालि, मनोज अग्रवाल, मेसर्स कानपुर प्लास्टिपैक लि, रमन टंडन एवं नितिन टंडन, मेसर्स आदित्य फ्लैक्सी पैक प्रालि, राजीव भरतिया, मेसर्स हिल्टैक्स इंडस्ट्रियल फैब्रिक्स प्रालि, अनिल गुप्ता, मेसर्स ओम प्लास्टिक (इण्डिया) प्रालि, रमेश गुलाटी, मेसर्स ज्योति कैप्सूल, राकेश सूरी, मेसर्स सूरी शूज प्रालि, तरूण गर्ग, मेसर्स तरूण टेक्सटाइल्य, कार्तिक रस्तोगी, हैल्पअस ग्रीन, आशुतोष रस्तोगी, आरयूवीआर कामर्शियल प्रालि, जगदीश वैश्य, मेसर्स प्रहलाद राय कनेक्शन अर्ज प्रालि, प्रीति गुप्ता, मेसर्स कमल टेड्रिंग कारपोरेशन, अमित नागरथ, मेसर्स नागरथ इंडस्ट्रीज प्रालि, माधव अग्रवाल, श्री बंयल वायर प्रालि, दीपक गुप्ता, आकाशदीप ग्रुप, हिमांशू बालानी, उद्यमी, विनायक निगम, मेसर्स क्रिएटिवो आर्ट, करन केडिया, मेसर्स प्रिंट एंड गिफ्ट।

# उद्योग के साथ बढ़ेगा रोजगार और इन्फ्रास्ट्रक्चर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नई इकाइयों से उद्योमियों को भारी उम्मीदें
- विश्व व्यापार में हो सकेगी बढ़ोत्तरी, छोटे उद्योग बढ़ेंगे

**अमृत विचार।** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को शहर के उद्यमी विकास की नींव मान रहे हैं। कारोबारियों का कहना है कि हजारों करोड़ के निवेश जमीन पर उतरने से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभ होगा। इससे शहर का इन्फ्रास्ट्रक्चर बेहतर होगा और इससे अन्य बड़ी कंपनियां भी आकर्षित हो सकेंगी। कारोबारियों का यह भी कहना है कि बड़े प्रोजेक्ट जमीन से उतरने से शहर की मेधा भी शहर में ही रुकेगी। युवाओं को बड़ी संख्या में शहर में ही रोजगार मिल सकेगा।



> जिस तरह से अभी देश गुजरात मॉडल की बात करता है जल्द ही देश यूपी मॉडल की बात करेगा। प्रदेश में लगभग 10 लाख करोड़ रुपये का काम जमीन पर उतर रहा है। इससे जो माहौल बनेगा वह शहर व प्रदेश दोनों के लिए ही विकास का काम करेगा। बड़े उद्योग आने के साथ ही छोटे उद्योग को भी बल मिलेगा।
>
> –अतुल सेठ, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रवेंशियल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन



> शहर में उद्योग बढ़ने से सबसे ज्यादा लाभ युवाओं का होगा। आज युवा रोजगार के लिए शहर से बाहर जाने के लिए मजबूर हैं। उद्योग बढ़ेंगे तो सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को होगा। उन्हें शहर में ही मचचाहा रोजगार मिल सकेगा। शहर को उसकी मेधा का पलायन रुकने का लाभ हासिल हो सकेगा।
>
> –सुनील वैश्य, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आईआईए



> सरकार के प्रयासों से निवेश का धरातल पर उतरने का स्वागत है। शहर में 20 बड़ी उत्पादन युनिट की बहुत जरूरत है। डिफेंस कॉरिडोर के रूप में शुरुआत हुई है लेकिन और बड़ी यूनिटें लगाने की जरूरत है। इससे एमएसएमई सेक्टर को सबसे अधिक लाभ होगा। युवाओं को भी रोजगार मिलेगा।
>
> –सुशील शर्मा, चेयरमैन, इंडस्ट्री कमेटी, मर्चेंट चेंबर ऑफ उप्र



> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से प्रदेश में नए उद्योग लगाए जाने का माहौल तैयार किया जा रहा है। प्रदेश में जिस तरह से हर वर्ष नए उद्योग स्थापित करने का वातावरण तैयार किया गया है, उसी का एक अंग ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी है। इससे उद्योग जगत में बहुत उत्साह है। निश्चित रूप से रोजगार बढ़ेगा। साथ ही निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।
>
> –उमंग अग्रवाल, महासचिव, फीटा



> अब नए खाद्य उद्योग स्थापित होंगे। इससे शहर को विश्व स्तरीय व्यंजन अपने शहर में ही उपलब्ध हो सकेंगे। आज खाद्य पदार्थ का उद्योग भी एक अच्छे टूरिज्म को बढ़ावा देता है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी एक शुरुआत है। असल में शहर में जो माहौल बना है उससे बहुत अधिक लाभ होगा। 12
>
> –अंकित गुप्ता, सचिव, कानपुर होटल उद्योग व्यापार संघ



> शहर में कुछ वर्ष पहले 56 इस्पात के बड़े कारखाने थे। धीरे-धीरे सरकारी उपेक्षाओं के कारण सभी उद्योग बंद हो गए। अब मात्र तीन बचे हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से अब उम्मीद जगी है कि दोबारा कानपुर में लोहा व इस्पात उद्योग का गौरव लौटेगा। इससे कानपुर के लोगों को 50000 से ज्यादा का रोजगार मिलेगा।
>
> –संदीप जाखोदिया, संरक्षक, लोहा व्यापार संघ



> उत्तर प्रदेश में नोएडा के बाद कानपुर सबसे ज्यादा टैक्स देने वाला शहर है। नए प्रोजेक्ट के लगने से शहर के इन्फ्रास्ट्रक्चर में बढ़ोत्तरी होगी। इससे और बड़ी कंपनियां शहर में उद्योग लगाने के लिए आकर्षित होंगी। युवाओं को खासतौर पर प्रोजेक्ट के शुरू होने पर रोजगार का लाभ मिलेगा। युवाओं का पलायन रुकेगा।
>
> –अनुज शुक्ला, सलाहकार, एमएसएमई

### ट्रांसगंगा में बढ़ेगा निवेश

**कानपुर।** गंगा बैराज पर बसाई जा रही ट्रांसगंगा सिटी में भी अब निवेश तेजी से होने की उम्मीद है। कई बड़े औद्योगिक समूहों ने यहां पर निवेश के लिए भूखंड लेने को उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण प्रबंधन से संपर्क साधा है। जल्द ही उन्हें यहां भूखंड उपलब्ध कराया जाएगा। अभी यहां आधा दर्जन इकाईयों के निर्माण का कार्य चल रहा है। जल्द ही वहां उत्पादन भी शुरू होगा।

# आरटीई का सत्यापन आज से शुरू

**कानपुर।** आरटीई के तहत बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से सोमवार से आवेदनों का सत्यापन कार्य शुरू हो जाएगा। इस बार योजना के तहत लगभग 11 हजार से अधिक आवेदन आए है। इनमें लगभग 6 हजार आवेदनों का सत्यापन किया जाएगा। पहले चरण में लगभग चार हजार सीटों के लिए आवेदनों को परखा जाएगा। इसके लिए 26 को लॉटरी निकाली जाएगी। इससे पहले 19 से 25 तक सत्यापन कार्य चलेगी। निजी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश 6 मार्च से होंगे। उधर योजना के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए इस बार प्रशासन ने भी सख्ती दिखाई है। प्रशासन की ओर से प्रवेश के दौरान स्कूलों की मनमानी की शिकायतों पर एक कमेटी का गठन कर दिया गया है। बीएसए ने कहा कि सभी स्कूलों पर नजर रखी जाएगी।

# सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से रोशन होंगे 1.50 लाख घर

**अच्छी खबर**

- एक से दो किलोवाट का पैनल लगाने पर 75 प्रतिशत अनुदान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिम बजट में एक करोड़ घरों की छत पर सोलर प्रणाली लगाने की योजना की घोषणा की थी। तब इस योजना का नाम सूर्योदय रखा गया था, लेकिन अब इसका नाम बदलकर 'पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना' कर दिया गया है। इस योजना के तहत कानपुर शहर के करीब एक लाख 50 हजार घरों की छत पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे।

केस्को के शहर में करीब सात लाख बिजली उपभोक्ता है, जिनमें से सरकार ने पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना के तहत एक लाख 50 हजार उपभोक्ताओं के घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। योजना के लिए आवेदन करने वाले इन डेढ़ लाख उपभोक्ताओं के घरों में केस्को सोलर पैनल लगाएगा और उसके बाद इन उपभोक्ताओं को प्रति माह 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाएगी। इसके साथ ही उनको केंद्र व राज्य सरकार की सब्सिडी भी प्राप्त होगी।

योजना के अंतर्गत सब्सिडी का प्राविधान केवल घरेलू कनेक्शन के लिए आवेदन करने वालों को मिलेगा। वहीं, गैर घरेलू कनेक्शन पर पैनल लगाने पर उपभोक्ता सब्सिडी का पात्र नहीं होगा, लेकिन उनके आवेदन पोर्टल में स्वीकार्य जरूर किए जाएंगे। योजना के तहत कानपुर विद्युति आपूर्ति कंपनी को शहर में एक लाख 50 हजार घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य दिया गया है। योजना के संचालन के लिए भारत सरकार ने पीएम सूर्या घर मोबाइल एप बनाया है।

### बिजली बिल में आएगी कमी

केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि शहर में योजना के तहत डेढ़ लाख घरों की छत पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। लाभार्थी को पैनल लगाने के लिए सरकार से सब्सिडी मिलेगी। हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का उत्पादन और उपयोग कर सकेंगे। इससे बिजली बिल में काफी कमी आएगी। सौर ऊर्जा से बिजली आपूर्ति पर निर्भरता कम होगी।

**सेहत की बात** चेहरे पर लाल रंग के चकत्ते पड़ रहे हैं और दाने भी निकल रहे हैं

# शादी में सुंदर दिखने की चाहत बिगाड़ रही चेहरा

विकास कुमार, कानपुर

- फेशियल व ब्लीच से दुल्हनों के चेहरे हो रहे लाल व दाने
- हैलट की चर्म रोग ओपीडी में इलाज को पहुंची कई युवतियां

**अमृत विचार।** शादी, पार्टी व अन्य समारोहों में खूबसूरत दिखने की चाह युवतियों के चेहरे की रंगत उड़ा रही है। फेशियल व ब्लीच कराने से युवतियों को एलर्जी हो रही है, जिसकी वजह से चेहरा लाल होना, दाने व जलन की समस्या हो रही है। ऐसे मामलों में दुल्हनें भी शामिल हैं, जिनका मेकअप की वजह से चेहरा खराब होने लगा और इलाज के लिए उनको अस्पताल पहुंचना पड़ा।

सहालग के समय हैलट अस्पताल के चर्म रोग विभाग की ओपीडी में मरीजों की भीड़ अधिक होने लगी है, जिनमें युवतियों व महिलाओं की संख्या अधिक है। वहीं, अपने सगे संबंधी की शादी में सुंदर दिखने की चाहत में कई युवतियों व महिलाओं ने ब्लीच व फेशियल किट का इतना इस्तेमाल किया कि उनके चेहरे पर लालपन, दाने और जलन आदि की समस्या होने लगी, जिनमें दुल्हन बनी कई युवती भी शामिल हैं।

कुछ दिन नजरअंदाज करने के बाद जब समस्या अधिक होने लगी तो वह अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने पहुंचीं। इसके अलावा मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से दाग, खुजली व फंगस आदि के मरीजों की भी संख्या इन दिनों बढ़ी है। चर्म रोग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. देव शिवहरे ने बताया कि ब्लीच व फेशियल की वजह से कई युवतियों के चेहरे में दिक्कत हो रही है।

प्रतिदिन 25 से 30 मरीज इस समस्या से ग्रस्त होकर पहुंच रही हैं, जिनमें दुल्हन बनी युवतियां भी हैं। कई मरीजों के चेहरे पर छाले पड़ने की भी समस्या देखी गई है। क्योंकि केमिकलयुक्त रसायन, फेशियल व ब्लीच कराने से चेहरे की ऊपरी परत को नुकसान पहुंचता है, जबकि कुछ लोगों में दाग, खुजली और फंगस की समस्या बढ़ गई है।



**केस 01** जूही निवासी 24 साल की युवती की शादी 10 फरवरी को हुई थी। युवती ने शादी में एक सप्ताह पहले फेशियल और ब्लीच कराया था। शादी वाले दिन गहरा मेकअप कराया। शादी के बाद रिसेप्शन में फिर मेकअप हुआ, जिससे अब चेहरा लाल पड़ने लगा है, साथ ही दाने और चकत्ते जैसे दाग भी चेहरे पर पड़ गए हैं।

**केस 02** बिरहाना रोड निवासी 27 साल की युवती की शादी 14 फरवरी को हुई थी। शादी में सुंदर दिखने के लिए पहले ब्लीच और फेशियल कराया। उसके बाद हल्दी भी लगी। इसी के साथ ही तीन दिन अलग-अलग मेकअप का इस्तेमाल किया। इस वजह से उनको चेहरे पर छाले, जलन, खुजली और गाल लाल दाने उभर आए।

### स्पेशलिस्ट से ही कराएं मेकअप

तिलक नगर स्थित एक ब्यूटी पार्लर संचालिका ने बताया कि लोग अपनी मर्जी से ब्यूटी पार्लर की दुकानें खोल लेते है, लेकिन उनको क्रीम, ब्लीच व फेशियल आदि की सटीक जानकारी नहीं होती, जिस कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ जाता है। ब्यूटी पार्लर में तैयार होने के कुछ दिन बाद उनके चेहरे व गले पर दाने, लालपन समस्या होती है।

# शहरवासियों को वर्चुअल संबोधित करेंगे पीएम मोदी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हर विधानसभा क्षेत्र में की जा रही है तैयारी, लोग सुनेंगे वर्चुअल भाषण
- महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में रहेंगे केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा

**अमृत विचार।** लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। उनके संबोधन को लोग जगह- जगह सुन सके इसके लिए भाजपा ने व्यापक तैयारियां की है। जगह- जगह एलईडी टीवी लगाई जा रही है। ताकि लोग वहां प्रधानमंत्री का संबोधन और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के कार्यक्रम को लाइव देख सकें। जहां- जहां कार्यक्रम आयोजित हों वहां बड़े पैमाने पर लोग पहुंच सकें इसके लिए रविवार को सभी नेताओं को विधानसभा वार जिम्मेदारी सौंप दी गई है। महाराजपुर विधानसभा में केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा रहेंगे।

भाजपा ने कानपुर- बुंदेलखंड के 17 जिलों की 52 विधानसभाओं में वर्चुअल लाइव संबोधन की सभी तैयारियां पूरी कर ली है। क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि पिछले साल इन्वेस्टर समिट में साइन किये गये एमओयू को धरातल पर लाने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी काम कर रहे हैं। एक तरफ देश के उद्योगपति प्रधानमंत्री के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे तो वहीं दूसरी ओर प्रदेश सहित कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी विधानसभा में सभी जनप्रतिनिधि वर्चुअल रूप से जुड़कर इस कार्यक्रम में कनेक्ट होंगे।

सांसद, राज्यसभा सदस्य, प्रदेश सरकार के मंत्री, विधायक, विधानपरिषद सदस्य रहेंगे। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया की बिल्हौर विधानसभा में राहुल बच्चा सोनकर, बिठूर अभिजीत सिंह सांगा, कल्याणपुर नीलिमा कटियार, गोविंदनगर सुरेंद्र मैथानी, सीसामऊ में विधानपरिषद सदस्य अनूप गुप्ता, आर्यनगर एमएलसी रामचंद्र प्रधान, किदवई नगर महेश त्रिवेदी, छावनी में राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य, महाराजपुर विधानसभा मे केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा समेत सभी जनप्रतिनिध भाग लेंगे।

# अब पूरे शहर में कॉम्पैक्टर में कैद होगा कूड़ा

## सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने को बनाए जा रहे 72 ट्रांसफर स्टेशन लगभग तैयार, कॉम्पैक्टर गाड़ियों के जरिए कूड़ा स्मार्ट तरीके से कर रहे एकत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर की तस्वीर बदल रही है। कभी मुख्य सड़कों पर पड़ा कूड़ा अब पूरी तरह कॉम्पैक्टर में कैद होगा। नगर निगम ने 258 कूड़े अड्डे को पूरी तरह से खत्म कर सेल्फी प्वाइंट बना दिया है जल्द ही 120 और कूड़ा घरों को जल्द ही खत्म कर उसे सेल्फी प्वाइंट में तब्दील कर दिया जाएगा। वहां खुले में नहीं बल्कि कॉम्पैक्टर में कूड़ा कैद होगा। जहां सेल्फी प्वाइंट बन चुके हैं वहां अब रंगोली, पौधरोपण, पेंटिंग व बैठने के लिये कुर्सियां लगा दी गई हैं। शेष स्थलों पर यही सुविधाएं हो जाएंगी। अब ट्रांसफर स्टेशन के जरिये स्मार्ट तरह से कूड़ा को एकत्र किया जा रहा है। इसी के चलते नगर निगम को प्रदेश में अब कूड़ा हटाकर स्मार्ट तरीके से कूड़ा संग्रहण करने पर दूसरा स्थान मिला है।

शहर में कुल बन रहे 72 ट्रांसफर स्टेशनों को नौ जोन में बांटा गया है। नगर निगम इसके लिये तीन नये जोन की स्थापना भी करने का जा रहा है। इस प्रस्ताव पर सहमति बन गई है। जल्द ही यह व्यवस्था लागू होगी। पूरे शहर में बन रहे 50 फीसदी ट्रांसफर स्टेशन बनकर तैयार भी हो चुके हैं, अभी 30 ट्रांसफर स्टेशन शहर के अलग-अलग जोनों में बनाये जा रहे हैं। जोन एक में सबसे ज्यादा सात जगह ट्रांसफर स्टेशन बनाया जाना है। एक स्टेशन को बनाने में नगर निगम कुल 13 लाख 82 हजार रुपये खर्च करेगा। अभी चुन्नीगंज, सुतरखाना, कृष्णानगर, बर्रा, किदवई नगर व पनकी में ही 9.04 करोड़ रुपये से नगर निगम ने कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन बनाए हैं।

गाजियाबाद की प्रभु दयाल कंपनी ने ट्रांसफर स्टेशन बनाए हैं। जहां स्मार्ट तरह से कूड़े का संग्रहण और परिवहन किया जा रहा है।



नगर निगम द्वारा तैयार स्मार्ट कूड़ा घर। अमृत विचार

> शहर को कूड़ा फ्री करने के लिये ट्रांसफर स्टेशन बनाये जा रहे हैं। यह सही से संचालित हों इसके लिये जोनल अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी। हमने 258 कूड़े अड्डे को हटाए हैं। जिसे प्रदेश में सराहा भी जा रहा है।
>
> **- अमित सिंह गौर, नगर स्वास्थ्य अधिकारी**

- **258 कूड़ाघरों को पूरी तरह से किया गया समाप्त, प्रदेश में मिला दूसरा स्थान**

### ट्रांसफर स्टेशन

| | |
|---|---|
| जोन 1 में | 7 |
| जोन 2 में | 2 |
| जोन 3 में | 6 |
| जोन 4 में | 5 |
| जोन 5 में | 6 |
| जोन 6 में | 4 |

### 18 पीसी कॉम्पैक्टर बनाए जा रहे

एनजीटी रूल्स-2016 के पालन कराने के लिए नगर निगम सीमा में 18 पीसी कॉम्पैक्टर भी बनाए जाने हैं। ताकि, कूड़े का उठान स्मार्ट तरीके से तेजी से हो सके। अभी भैरवघाट स्थित कूड़े अड्डे पर स्थापित पीसी कॉम्पैक्टर को कूड़ा संग्रहण कार्य के लिए शुरू कराया गया है। यह एक बार में लगभग 16 एमटी कूड़ा एकत्र कर सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लान्ट भौती भेज रहा है। ऐसे ही 18 पीसी कॉम्पैक्टर स्थापित होंगे।

### यहां बनना है पीसी कॉम्पैक्टर

जोन -1 में एलआईसी फूलबाग, हरबंश मोहाल, डिप्टी पड़ाव, जोन -2 बक्कल मैदान, जोन - 3 एटूजेड मैदान किदवईनगर, राजीव पार्क बारादेवी, जोन -4 ग्रीन पार्क के पीछे, काली धटिया, द्वारिकापुरी, टेनरी संगीत टाकिज के पास, बृजेन्द्र स्वरूप पार्क, थाना बजरिया के सामने, जोन - 5 स्लाटर हाउस फजलगंज, पीली कालोनी गोविन्दनगर, पनकी मन्दिर के पास, राम गोपाल चौराहा बर्रा, जोन संख्या - 6 में विष्णुपुरी अड्डा (नबावगंज), धामीखेड़ा अड्डा (मसवानपुर) में कॉम्पैक्टर प्रस्तावित है।

### क्या है ट्रांसफर स्टेशन

ट्रांसफर स्टेशन में कॉम्पैक्टर गाड़ियों के जरिए घरों से निकला सूखा और गीला कचरा यहां अलग-अलग इकट्ठा किया जा रहा है। गाड़ियों से ये कचरा स्मार्ट कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन पर पहुंच रहा है। स्टेशन पर मशीनों के जरिये कूड़े को दबाकर कॉम्पेक्ट कर फिर इसको स्टेशन पर रखे गए कैप्सूलनुमा बंद कंटेनरों में भरकर भौंती डंपिंग पहुंचाया जा रहा है। इससे खुले में कूड़ा दिखना बंद हो गया है।

# मेडिकल वेस्ट के निस्तारण को मिले तीन करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **जीएसवीएम कालेज का कुछ साल से अटका था यह रुपया**
- **जीएसवीएम कालेज का कुछ साल से अटका था यह रुपया**

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल में कुछ सालों से अटका मेडिकल वेस्ट का पैसा फरवरी माह में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को मिला। शासन से कॉलेज प्रशासन को मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के लिए तीन करोड़ रुपये स्वीकृत किए है। अब हैलट अस्पताल में मेडिकल कचरा एकत्र मिलने पर संबंधित कर्मचारी व अधिकारी पर कार्रवाई करना भी आसना होगा।

हैलट अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन दो से तीन हजार मरीज इलाज कराने को पहुंचते है। आर्थो व सर्जरी विभाग में इलाज के बाद मेडिकल कचरा दोपहर दो बजे तक पड़ा रहता है और ओपीडी बंद होने के बाद ही सफाई की जाती है। लेकिन अब ऐसा नहीं हो सकेगा।

मेडिकल कचरे के लिए डस्टबीन आदि ओपीडी में लगाए जाएंगे, जो डस्टबीन पुराने व टूटे रखे हैं, उनमें बदलाव किया जाएगा। इसके अलावा हैलट इमरजेंसी में भी कई बार इलाज के दौरान मेडिकल कचरा ऐसे भी फेंक दिया जाता है, जिस वजह से इमरजेंसी में दुर्गंध बनी रहती है और संक्रमण फैलने का खतरा भी अधिक रहता है। वहीं, हैलट का मेडिकल कचरा कभी-कभी वार्डों के किनारे या परिसर के कोने में ही फेंक दिया जाता है, जो मेडिकल नियम के विरुद्ध है। क्योंकि मेडिकल कचरे को खुले में नहीं फेंका जा सकता है और उसका विधि पूर्वक निस्तारण किया जाता है। ऐसे में कचरा निस्तारण के लिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रशासन मेडिकल कचरे के निस्तारण के लिए शासन से कुछ वर्षों से बजट की मांग कर रहा था, जिस पर इस साल फरवरी माह में मोहर लगा दी गई है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि मेडिकल वेस्ट के लिए शासन से तीन करोड रुपये मिले है, यह पैसा काफी समय से पेंडिंग था। यह पैसा मेडिकल कचरे के निस्तारण में इस्तेमाल किया जाएगा।

# सात दिन से लापता डॉक्टर का नाले में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **अधिक पढ़ाई के कारण अवसाद में चली गई थी**
- **पहले भी कई बार कर चुकी आत्महत्या का प्रयास**

**अमृत विचार।** गुजैनी में सात दिन से लापता अवसादग्रस्त महिला डॉक्टर का रविवार को नाले में शव मिला। इलाकाई लोगों की सूचना पर पुलिस ने परिजनों से शिनाख्त कराई।


डॉ. ऋचा।

बिलखती हुई मां ने बताया कि बेटी शुरू से ही ज्यादा बात नहीं करती थी, जिससे डिप्रेशन में थी। पहले भी कई बार आत्महत्या का प्रयास कर चुकी थी। पूछने पर कहती थी कि मां कोई कहता है कि कूद जाओ, नहीं तो गलत हो जाएगा।

गुजैनी निवासी राम निवास सिंह बैंक से रिटायर्ड हैं। परिवार में पत्नी शशिप्रभा, बेटी ऋचा, धरा, तनु और एक बेटा ऋषभ है। बड़ी बेटी ऋचा (33) आजमगढ़ के चक्रपानपुर पीजीआई में डॉक्टर थी। मां शशिप्रभा ने बताया कि ऋचा बहुत होनहार थी। 10 वर्षों से अवसाद में थी। उसका फतेहगढ़ में इलाज चल रहा था। आठ वर्ष पूर्व पिता रामसिंह उसका इलाज कराने जाने जा रहे थे, तब भी शमसाबाद के पास उसने ट्रेन से कूद कर जान देने का प्रयास किया था।

उन्होंने बताया कि एमबीबीएस पूरा होने के बाद वह आजमगढ़ के चक्रपानपुर पीजीआई से एमडी की पढ़ाई पूरी कर वहीं प्रैक्टिस करने लगी थी। नौ फरवरी को ऋचा कमरे के पास नाले में कूद गई थी। 10 फरवरी को वह उसे यहां ले आई थीं। 11 फरवरी की सुबह ऋचा टहलने की बात कहकर घर से निकली। इसके बाद वापस नहीं लौटी।

रविवार की शाम घर से कुछ दूर पांडु नदी के बगल से निकले नाले में इलाकाई लोगों ने उसका शव उतराते देखा तो पुलिस को सूचना दी। गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज करने के बाद तलाशी अभियान चलाया गया था। रविवार को शव मिला है।

### शादी के लिए लड़का देखने को बुलाया तो छत से कूदी थी

- परिजनों ने बताया कि दिसंबर 2022 में ऋचा की शादी तय कर दी। लड़का देखने के लिए घर बुलाया तो शादी से इंकार कर दिया। इसके बाद रात में छत से कूद गई, जिससे रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। इसके बाद ऋचा का नर्वस सिस्टम काम नहीं कर रहा था। इलाज के बाद कुछ ठीक हुई तो दोबारा पीजीआई में जॉब के लिए गई थी। देखरेख के लिए मां शशिप्रभा भी साथ गई थीं।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**कानपुर।** सचेंडी मुरलीपुर निवासी 52 वर्षीय जगनंदन ओरिएंट रिसॉर्ट में माली का काम करते थे, परिवार में दो बेटी गौरी व शबनम है। चचेरे भाई मलखान बताया कि शनिवार को वह रिसॉर्ट में काम कर दोपहर में घर वापस आ रहे थे। तभी सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### आज यहां नहीं आएगी बिजली

**कानपुर।** सोमवार को कई इलाकों में बिजली की कटौती की जाएगी। कटौती की वजह पेड़ों की छंटाई और मरम्मत का कार्य है। केस्को के अधिकारियों के मुताबिक साकेत नगर, लाजपत नगर, सर्वोदय नगर, रावतपुर गांव, काली मठिया शास्त्री नगर, गूबा गार्डन, गोपाल पुरम, आनंद नगर, कल्याणपुर में बिजली नहीं आएगी।

# सांसद खेल स्पर्धा से मिलेगा युवाओं को रास्ताः पचौरी

कार्यालय संवाददात, कानपुर

**अमृत विचार।** केन्द्र सरकार की खेलो इंडिया अभियान के अन्तर्गत सांसद सत्यदेव पचौरी रविवार को खेल स्पर्धा की शुरुआत करेंगे। ग्रीनपार्क में शाम 4 बजे यह कार्यक्रम होगा। सोमवार को प्रतियोगिता में पुरस्कार बांटे जाएंगे।


सांसद सत्यदेव पचौरी।

सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 19 एवं 20 फरवरी को ग्रीन पार्क स्टेडियम में किया जाएगा। जिसमें टेबल टेनिस एवं बैडमिंटन खेल की प्रतियोगिता अंडर 13, 15, 17 बालक एवं बालिका वर्ग में खेली जाएगी। इससे पहले प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये 17 फरवरी तक आवेदन लिये गये। सांसद पचौरी ने बताया कि खिलाड़ियों की इन्ट्री की जिम्मेदारी ग्रीनपार्क में बैडमिंटन कोच रमेश यादव तथा टीटी कोच अभिसारिका यादव को दी गई है।

इस प्रतियोगिता से जुड़ी जानकारी प्रतियोगिता संजीव पाठक, टेबल टेनिस प्रतियोगिता प्रभारी सुनील सिंह, बैडमिंटन प्रतियोगिता प्रभारी आषुतोष सत्यम, सौरभ श्रीवास्तव, संजय टंडन से ले सकते हैं। सांसद पचौरी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल 20 फरवरी को प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान करेंगे।

# आत्महत्या का लाइव कर पुलिस को फंसाने के लिए उकसाता था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एक लाख के इनामी फरार गैंगस्टर अजय ठाकुर बहुत ही शातिर है। उसके गुर्गों ने पुलिस उसके शातिर दिमाग में पुलिस को लेकर क्या प्लान था इसकी जानकारी दी। बर्रा थाना क्षेत्र में अपना दल की रैली पर हमला करने पर हत्या का प्रयास का मुकदमा दर्ज हुआ था अजय और उसके गुर्गों पर। इस एफआईआर के बाद से ही वह पुलिस से बचने के लिए गुर्गों को आत्महत्या के लिए उकसा कर पुलिसकर्मियों को फंसाने की धमकी देता था। यह जानकारी दामोदर नगर से गिरफ्तार उसके साथी शिवम व अंश सिंह सिसोदिया ने दी।


पुलिस की गिरफ्त में शिवम सोनकर, अंश सिंह सिसोदिया। अमृत विचार

बर्रा के जरौली में बीती 28 जनवरी को अपना दल एस की रैली पर गैंगस्टर अजय ठाकुर ने अपने गुर्गे शिवांश ठाकुर, अभय भदौरिया, आकाश द्विवेदी, शिवम सोनकर, साहिल सोनकर उर्फ शेरा व गौतम मोगा ने मारपीट व पथराव किया था। जिसमें चार लोग घायल हुए थे और एक दर्जन से ज्यादा वाहन क्षतिग्रस्त हुए थे। पुलिस ने आरोपियों पर हत्या का हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था, जिसके बाद से गैंगस्टर व उसके सभी साथी फरार चल रहे थे। पुलिस ने अजय ठाकुर पर 50 हजार का इनाम व उसके साथियों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया था। जिसके बाद आरोपियों की पैरवी के लिए कथित भाजपा नेता गजेंद्र सिंह राजावत निवासी हनुमंत विहार दीनदयाल पुरम ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के पीआरओ और डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार को फोन कर अभद्रता करते हुए धमकाया था। आडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने गजेंद्र सिंह राजावत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर अजय ठाकुर पर एक लाख का इनाम घोषित किया। शनिवार देर रात बर्रा पुलिस ने अंश सिंह भदौरिया उर्फ शिवांश ठाकुर व शिवम सोनकर उर्फ टोबो शिकारी को दामोदर नगर से गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि पूछताछ के दौरान शिवम ने बताया कि फरारी के दौरान गैंगस्टर अजय ठाकुर उनको वीडियो कॉल कर सोशल मीडिया पर लाइव जाकर पुलिसकर्मियों का नाम लेकर आत्महत्या करने के लिए उकसाता था।

### पुलिस के पास मत जाना वरना मार देगी गोली

- डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी शिवांश ठाकुर से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि घटना के बाद 25 हजार का इनाम घोषित होने पर उसने सरेंडर के बारे में सोचा, लेकिन अजय ठाकुर ने उसे डरा दिया। अजय ने उससे कहा था कि पुलिस के पास मत जाना वरना गोली मार देगी।

### डीसीपी को धमकाने वाले की पिस्टल के साथ तस्वीरें वायरल

- डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार व कमिश्नर पीआरओ को लाव लश्कर के साथ कार्यालय पर चढ़ाई करने की धमकी देने वाले कथित बीजेपी नेता गजेंद्र सिंह राजावत की पिस्टल के साथ दो तस्वीरें रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। हालांकि अमृत विचार वायरल तस्वीरों की पुष्टि नहीं करता है। पुलिस ने तस्वीरों को भी मुकदमे की विवेचना में शामिल कर लिया। इधर पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद गजेंद्र की तलाश में दबिश दे रही है। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि जल्द ही आरोपी को पकड़ कर जेल भेजा जाएगा।

# दो पत्नियों की बात छिपा की तीसरी शादी, रुपये हड़पे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **जानकारी होने पर पीड़िता ने किया विरोध, मारपीट कर गाली-गलौज**

**अमृत विचार।** दो शादियों की बात छिपा कर धोखेबाज युवक ने केशव नगर निवासी महिला से तीसरी शादी कर ली। आरोप है कि कारोबार करने के नाम पर धोखेबाज ने पीड़िता से दो लाख नकदी समेत जेवरात हड़प लिए। दो बीवियों की जानकारी होने पर विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट की। पीड़िता ने रावतपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

रावतपुर केशव नगर निवासी रितु ने बताया कि उनका विवाह मूल रूप से बिहार के सीवान जिला निवासी शंकर चौहान से 2019 में हुई थी। शादी के बाद से वह पति के साथ रावतपुर गांव में रह रही थी। बताया कि शादी के बाद पति ने कारोबार शुरू करने का झांसा देकर उनसे दो लाख नकद, 90 हजार की एफडी व जेवरात ले लिए। 2023 में जानकारी हुई पति ने गुमराह कर उनसे शादी की है। रितु ने जानकारी की तो पता चला कि पति शंकर की दो शादियां पहले से हो चुकी है।

# नातिन के साथ जा रहे नाना की हादसे में मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **रावतपुर रेलवे स्टेशन पार करने के दौरान हुआ हादसा**
- **एमपी के मेवाड़ी से फर्रुखाबाद स्थित केंद्र जा रहे थे परीक्षा दिलाने**

**अमृत विचार।** नाना संग पुलिस भर्ती परीक्षा देने फर्रुखाबाद जा रही परीक्षार्थी को सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने घायलों को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।


मृतक भरत।

मूलरूप से मध्य प्रदेश, मेवाड़ी जनपद के मकारा मजगवां गांव निवासी कैलाश ने बताया कि उनकी बेटी सुहागिनी का 18 फरवरी को उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती की परीक्षा था। सुहागिनी का सेंटर फर्रुखाबाद जनपद स्थित स्कूल में पड़ा था। सुहागिनी को परीक्षा दिलाने के लिए उनके नाना भरत सिंह (40) लेकर फर्रुखाबाद जा रहे थे। शहर आने के बाद रात करीब तीन बजे भरत नातिन के साथ बस के इंतजार में खड़े थे। राहगीरों से पूछने पर वह रेलवे स्टेशन से रावतपुर तिराहे की ओर जाने के लिए सड़क पार करने लगे इसी दौरान गुरुदेव की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में भरत व सुहागिनी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को हैलट में भर्ती कराया, जहां भरत को मृत घोषित कर दिया।


घटना की जानकारी देते मृतक के परिजन। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### बाइक चलाने का किया विरोध तो होमगार्ड को पटका

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र में ड्यूटी कर रहे होमगार्ड की विपरीत दिशा से आए बाइक सवार को रोकना भारी पड़ गया। आरोपी बाइक सवार ने होमगार्ड के साथ गाली-गलौज, मारपीट कर उन्हें सड़क पर पटक दिया, जिससे वह घायल हो गए। होमगार्ड ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। चौबेपुर पचोर निवासी होमगार्ड दीपक दीक्षित ने बताया कि शनिवार को उनकी ड्यूटी रावतपुर तिराहे पर थी। तभी विपरीत दिशा से बाइक सवार बृजेश दुबे आ रहा था। विपरीत दिशा से आने पर दीपक ने बाइक सवार को रोका। आरोप है कि बाइक रोकने पर बृजेश नाराज होकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान दीपक घायल हो गए। लोगों ने बीच-बचाव किया तब तक आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित होमगार्ड ने काकादेव थाने में बाइक सवार के खिलाफ तहरीर दी। थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### देवव्रत महाराज ने तृतीय स्कंद समझाया

**कानपुर।** अमेरिका से आए देवव्रत महाराज ने इस्कॉन मंदिर में अत्यंत मधुर श्रीमद्भागवत कथा सुनाई। उन्होंने तृतीय स्कंद के 29वें अध्याय को विस्तार से समझाया। वहीं रविवार को बुक मैराथन प्रोत्साहन समारोह का आयोजन किया गया। इस्कॉन मंदिर में 16 से 18 फरवरी तक श्रीमद्भागवत कथा हुई। जिसमें देवव्रत महाराज ने कहा कि भक्ति योग सभी आध्यात्मिक प्रणालियों में सर्वश्रेष्ठ है। श्रीकृष्ण को प्राप्त करने की सर्वोच्च विधि है। सभी शास्त्रों का यही निष्कर्ष है कि बिना भक्तिमय सेवा के श्रीकृष्ण को प्राप्त नहीं किया जा सकता है। देवव्रत महाराज ने युवाओं को आध्यात्मिक राह पर चलने की प्रेरणा दी। वहीं रविवार को बुक मैराथन समारोह का आयोजन किया गया। जिसके तहत पूरे विश्व में पुस्तक का वितरण किया जाता है। 2023 में इस्कॉन कानपुर की ओर से 151628 ग्रंथ वितरित किए गए। रविवार को पुस्तक वितरण में चंदन महाराज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विचार व्यक्त करने में शेखर महाराज व माता ब्रजलीला ने प्रथम स्थान पाया। युवाओं में गर्वित व हिमानी को प्रथम स्थान मिला। जिन भक्तों ने उत्साह से पुस्तक वितरण मैराथन में भाग लिया, उन सभी को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष प्रेम हरि नाम व मुख्य अतिथि देवव्रत महाराज रहे।


देवव्रत महाराज।

### कीर्तन से संगत हुई निहाल

**कानपुर।** ड्रीम विजन होम्स की ओर से गुमटी नंबर पांच में रविवार को गुरु गोबिंद सिंह के बड़े साहिबजादे बाबा अजीत सिंह का जन्मदिन श्रद्धा भावना से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री रहरास साहिब पाठ से हुई। इसके बाद मीरी पीरी सेवा सोसाइटी की ओर से कीर्तन व साहिब परमजीत सिंह ने कीर्तन से संगत को निहाल किया। पूर्व जत्थेदार तखत श्री पटना साहिब से पधारे ज्ञानी रंजीत सिंह ने बाबा अजीत सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। अपनी कथा से संगत को निहाल किया। ड्रीम विजन होम्स की ओर से संगत के लिए लंगर का आयोजन किया गया। मंच का संचालन तजिंदर पाल सिंह ने किया। इस मौके पर ड्रीम विजन होम्स के सेक्रेट्री सुखविंदर सिंह ने बताया कि तीन वर्षों से सोसाइटी में कीर्तन व लंगर का आयोजन होता है। इस अवसर पर सोसाइटी के सदस्यों ने शहर के सम्मानित लोगों को गुरु महाराज का सिरोपा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक कुलदीप सिंह रहे।

**राजनीति** | 21 को कानपुर पहुंचेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा, घंटाघर चौराहे तक रोड शो, फिर वहीं होगी सभा, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा को भेजा जाएगा आमंत्रण

# सहयोगी दलों को भी देंगे राहुल गांधी की यात्रा का न्योता

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचारः** भारत जोड़ो न्याय यात्रा का नेतृत्व करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 21 फरवरी को प्रातः दस बजे कानपुर महानगर की सीमा में प्रवेश करेंगे। घंटाघर चौराहे तक उनका रोड शो होगा। उसके बाद वहीं पर न्याय यात्रा जनसभा में परिवर्तित हो जाएगी, जिसे सफल बनाने के लिए कांग्रेस की शहर, ग्रामीण व देहात कमेटी पुरजोर प्रयास कर रही हैं। जनसभा के बाद राहुल गांधी घंटाघर से सीधे चकेरी एयरपोर्ट जाकर दिल्ली चले जाएंगे। कानपुर से यात्रा को दो दिन का विश्राम देने का निर्णय लिया गया है। दिल्ली में किसानों से मिलने के बाद राहुल 24 को मुरादाबाद जाएंगे, जहां फिर यात्रा पश्चिम यूपी के जिलों से होते हुए राजस्थान में प्रवेश करेगी।



बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

तिलकहाल में हुई बैठक के दौरान तय किया गया कि शहर कांग्रेस कमेटी की तरफ से विपक्षी गठबंधन के सहयोगी राजनीतिक दल को शामिल होने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। यबैठक में कानपुर लोकसभा क्षेत्र के समन्वयक प्रदेश कांग्रेस महासचिव अंशु तिवारी और प्रभारी राहुल रिछारिया, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक पवन गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। तिलक हाल में कानपुर महानगर, ग्रामीण और कानपुर देहात के अध्यक्ष क्रमशः नौशाद आलम मंसूरी, अमित पांडे व नरेश कटियार मौजूद थे। प्रदेश महासचिव अंशु तिवारी, राहुल रिछारिया के साथ ही जिला और प्रदेश पदाधिकारी, पीसीसी, एआईसीसी सदस्य प्रमुख रूप से तिलक हाल की बैठक में रहे।

### वार्ड अध्यक्षों को 250-250 लोगों को लाने का लक्ष्य

सभी वार्ड अध्यक्षों से कहा गया है कि वह अपने-अपने वार्ड से कम से कम 250-250 लोगों को लेकर घंटाघर पहुंचे। समाज के हर वर्ग को जोड़ने की दिशा में कांग्रेसजन मंदिरों को पुजारी, मस्जिदों के इमाम, गुरुद्वारों के प्रभारी, चर्च के पादरियों को आमंत्रित किया जाएगा। आमंत्रण संबंधी कार्य सोमवार से कांग्रेसजन शुरू कर देंगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सह-समन्वयक पवन गुप्ता ने बताया कि वैश्य समाज भारी संख्या में घंटाघर राहुल गांधी की सभा में पहुंचेगा। वह व्यापार मंडलों और अन्य कारोबारियों से संपर्क कर रहे हैं।

### पुलिस अफसरों ने की कांग्रेसियों संग बैठक

- राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट और जनसभा को लेकर पुलिस अधिकारियों ने घंटाघर चौकी में शहर कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करके रूट डायवर्जन और पार्किंग के साथ ही कानून व्यवस्था पर चर्चा की। कांग्रेस शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, यात्रा के सह-समन्वयक पवन गुप्ता और वरिष्ठ नेता मदनमोहन शुक्ला उपस्थित रहे। पवन गुप्ता ने बताया कि घंटाघर चौराहे पर भारत माता की प्रतिमा स्थल के पास राहुल गांधी सभा को संबोधित करेंगे। यह भी संभव है कि वह गाड़ी में लगी लिफ्ट से ऊपर आकर बोलें। उन्होंने बताया कि गंगापुल से कानपुर प्रवेश के बाद राहुल का काफिला फ्लाईओवर होते हुए केनाल रोड से गुजरकर घंटाघर चौराहे पर पहुंचेगा। वह गणेश मंदिर भी दर्शन को जाएंगे। बैठक के हवाले से पवन ने बताया कि घंटाघर की ओर आने वाले सभी मार्ग पर यातायात राहुल के रहने तक रोक दिया जाएगा।

## एक नजर

### कल सपा व्यापार सभा की होगी मंडलीय बैठक

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव में व्यापार से जुड़े लोगों की भूमिका भी काफी अहम होती है, इसलिए सपा नए व्यापारियों को संगठन में जोड़ने का काम कर रही है। प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता अभिमन्यु गुप्ता के मुताबिक लोकसभा चुनाव के संबंध में 20 फरवरी को किदवई नगर में मंडलीय संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई है, कन्नौज, इटावा, फर्रुखाबाद, औरैया, कानपुर नगर, देहात व ग्रामीण के व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष व पदाधिकारी शामिल होंगे। मुख्य अतिथि सपा व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल होंगे। बैठक का उद्देश्य लोकसभा चुनाव में व्यापारियों को सपा के पक्ष में करने की रणनीति बनाना है। बैठक में आए पदाधिकारी चुनाव में ज्यादा से ज्यादा व्यापारी वर्ग को सपा और इंडिया गठबंधन से जोड़ने का काम करेंगे।

### नेत्र रोग पर चर्चा के लिए जुटे विशेषज्ञ

**कानपुर ।** आनुवांशिक नेत्र रोग से हर साल लाखों लोग पीड़ित होते हैं। यह रोग जन्म से पांच साल की उम्र तक के बच्चों में पाई जाती है। इस रोग के निदान को लेकर शोध तेज करने से लाखों लोगों के जीवन की अंधता को दूर किया जा सकता है। यह विचार आईआईटी कानपुर में हुई कार्यशाला में देशभर से आए विशेषज्ञों ने व्यक्त किए। कार्यशाला में आईआईटी निदेशक प्रो. एस गणेश ने कहा कि मेडिकल टेक्नोलाजी और अनुसंधान व शोध की दिशा में संस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम पर उन्होंने कहा कि आनुवांशिक नेत्र रोगों से पीड़ित लाखों लोगों के लिए जीन थेरेपी एक ऐसी उभरती उपचार व्यवस्था है जिससे सभी को बहुत उम्मीदे हैं।

### संपत्तियों के क्षेत्रफल के हिसाब से होंगे नामांतरण

**कानपुर।** कानपुर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने नामांतरण के आपत्तियों के मामले जल्द सुलझाने के निर्देश दिये हैं। जोन एक से 6 तक में विश्व बैंक, किराया सम्पत्ति, मलिन बस्ती, पीएमएवाई और बल्क सेल की नामांतरण आपत्तियों के संबंध में कैंप लगाने के अधिकारियों को दिये हैं। केडीए उपाध्यक्ष ने संपत्तियों के क्षेत्रफल के हिसाब से विज्ञापन जारी करवाने और उसके जल्द से जल्द निस्तारण कराने को भी कहा है।


सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन में सवार होने के लिए जिद्दोजहद करते अभ्यर्थी। अमृत विचार


परीक्षार्थियों को ट्रेन में घुसने से रोकने की कोशिश करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार


अभ्यर्थियों के बीच फंसी युवती। अमृत विचार

# भीड़ में धक्कामुक्की, तीन यात्री घायल, एक महिला का पैर टूटा

## सेंट्रल स्टेशन पर दिल्ली, प्रयागराज, झांसी रूट की ट्रेनों में रही जबर्दस्त भीड़, यात्रियों से खींचतान कर आरक्षित कोचों में सवार हुए परीक्षार्थी

**पुलिस भर्ती परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को सेंट्रल स्टेशन में हालात काबू में नहीं रहे। जबर्दस्त भीड़ के चलते ट्रेनों में चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की और खींचतान हुई, जिसमें तीन यात्री प्लेटफार्म व ट्रेन के बीच फंसकर घायल हो गए, जबकि एक महिला का पैर टूट गया। आरपीएफ व जीआरपी ने भीड़ को धकिया कर फंसे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला। घायलों के इलाज के साथ ही प्लेटफार्मों पर सख्ती बढ़ाई। दिल्ली, प्रयागराज, झांसी रूट की ट्रेनों में बेतहासा भीड़ रही। यात्रियों को धकियाते हुए परीक्षार्थी आरक्षित कोचों में घुस गए। आपाधापी में कई यात्रियों का सामान तो कईयों की ट्रेन छूट गई।


सेंट्रल स्टेशन पर परीक्षार्थियों का उमड़ा सैलाब। अमृत विचार

सेंट्रल स्टेशन पर रविवार को भी परीक्षार्थियों का रेला रहा। दूसरे दिन की परीक्षा समाप्त होने के बाद शाम को प्लेटफार्म चार-पांच, छह-सात पर परीक्षार्थी पहुंच गए। ट्रेन में चढ़ने और उतरने के दौरान धक्का-मुक्की होती रही। इस बीच दिल्ली से चलकर सेंट्रल पहुंची महाबोधि एक्सप्रेस प्लेटफार्म पर रुक भी नहीं पाई थी कि भीड़ चढ़ने लगी। प्लेटफार्म पर उतरने वाले यात्री गेट पर खड़े थे। उतरते समय धक्का-मुक्की में दिल्ली से आए जगदीश तिवारी व बगल वाली बोगी के शानू तिवारी का पैर प्लेटफार्म और बोगी के बीच फंस गया। दोनों यात्रियों के चिल्लाने पर आरपीएफ व जीआरपी के जवान पहुंचे और भीड़ को धकिया कर दूर किया और यात्रियों को किसी तरह बाहर निकाला। उनके पैर जख्मी थे। दोनों को इलाज के लिए भेजा गया। एक यात्री ने बताया कि एक महिला का पैर भी टूट गया है, हालांकि तब तक महिला को उसके परिजन ले जा चुके थे। भीड़ के कारण एक महिला का पर्स ट्रैक पर गिर गया।

प्लेटफार्म पर अफरा-तफरी और धक्का-मुक्की के बाद आरपीएफ और जीआरपी के जवानों ने सख्ती बरती, तब जाकर स्थिति कुछ काबू में आई। हालांकि इसके बाद भी सुरक्षा कर्मियों के सामने परीक्षार्थी धक्का-मुक्की करते हुए आरक्षित कोचों में घुसते रहे। शाम से पहले भी दिन भर हालात नहीं रहे। शनिवार को परीक्षा देने के बाद स्टेशन पर रुके परीक्षार्थियों ने रविवार दिन भर हो-हल्ला किया। वहीं सेंट्रल के साथ गोविंदपुरी स्टेशन पर भी सैंकड़ो परीक्षार्थी मौजूद रहे। झांसी, प्रयागराज व दिल्ली रूट की ट्रेनों में जमकर मारामारी रही। आरक्षित कोचों में भी परीक्षार्थी बैठे नजर आए।

### निमासी की ट्रेन के साथ परीक्षा भी छूट गई

20922 लखनऊ-बांद्रा एक्सप्रेस की बी-चार कोच की सीट 18, 19 व 22 पर माया गुप्ता, सुनील गुप्ता व सोनाली को बड़ौदा जाना था, लेकिन प्लेटफार्म आठ पर भीड़ ने उन्हें कोच में घुसने नहीं दिया, इससे इनकी ट्रेन छूट गई। वहीं, 14217 ऊंचाहार एक्सप्रेस के कोच बी-वन में यात्रा करने के लिए आए राकेश सिंह और उनकी बेटी निमासी को अंबाला जाना था। उनकी बेटी को वहां सीटीआई में परीक्षा देनी थी। भीड़ के कारण कोच का दरवाजा ही नहीं खुला और पिता-पुत्री की ट्रेन छूट गई।


धक्का- मुक्की के बाद अभ्यर्थियों में कहासुनी।

### जहां जगह दिखी, वहीं धकिया कर घुस गए

- कोच में घुसने के लिए मारामारी रही। सुरक्षा कर्मियों ने कोच में लटके परीक्षार्थियों को समझा-बुझाकर अंदर किया। नोकझोक और धक्कामुक्की से आरपीएफ और जीआरपी जूझती रही। बीच-बीच में एनाउंसमेंट कर ट्रेनों के प्लेटफार्म की जानकारी दी जाती रही। रविवार को डिप्टी सीएम आशुतोष सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक संतोष कुमार त्रिपाठी, आरपीएफ इंस्पेक्टर बीपी सिंह, जीआरपी इंस्पेक्टर अनिल कुमार शर्मा प्लेटफार्मों, फुट ओवरब्रिज का निरीक्षण कर इंतजामों का जायजा लेते रहे।

### ट्रेन नहीं मिली तो स्टेशन परिसर में ही सो गए

- शनिवार को परीक्षा देने के बाद स्टेशन पहुंचे तमाम परीक्षार्थियों को ट्रेन नहीं मिली। लगातार सफर और दिन में परीक्षा से थके परीक्षार्थी रात में स्टेशन परिसर में ही सो गए। सेंट्रल के प्लेटफार्म, पोर्टिको हाल, फुट ओवरब्रिज और फुटपाथ पर जहां जगह मिली, परीक्षार्थी वहीं सो गए। सुबह होते ही ट्रेन पकड़ने के लिए भाग निकले।

# पहली पाली में दबोचा गया साल्वर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आरक्षी पद की परीक्षा के दौरान दूसरे दिन रविवार को एक साल्वर पकड़ा गया। वह साथ कोचिंग पढ़ने वाले दोस्त की जगह परीक्षा दे रहा था। बॉयोमैट्रिक का मिलान नहीं होने पर कक्ष परीक्षक ने उसे पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

गुजैनी थाना प्रभारी विनय कुमार तिवारी ने बताया कि आरक्षी परीक्षा के दौरान गुजैनी के ठाकुर विशम्भर सिंह इंटर कालेज में रविवार को पहली पाली की परीक्षा में राजस्थान के पचौली के रहने वाले परीक्षार्थी सतीश सिंह की जगह राजस्थान के ही भरतपुर जिले के पचौली, रायखेड़ा निवासी सौरभ सिंह परीक्षा दे रहा था। बॉयोमैट्रिक मिलान नहीं होने के कारण कक्ष निरीक्षक को मामला संदिग्ध लगा। कक्ष परीक्षक ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सौरभ से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह अभ्यर्थी के साथ कोचिंग पढ़ता है। वह 15 हजार रुपये में उसकी जगह परीक्षा देने आया था।

**14,084 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थितः** रविवार को दूसरे दिन की परीक्षा शहर के 110 केंद्रों में आयोजित की गई। दोनो पालियों की परीक्षा में कुल 1,12032 परीक्षार्थी बैठने थे। पहली पाली की परीक्षा में 41,932 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 14,084 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा में 38,964 परीक्षार्थी भर्ती में शामिल हुए व 17,057 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा में कुल 135 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती रही। वहीं 504 से अधिक संख्या वाले केंद्रों पर दो स्टेटिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहे। परीक्षा कड़ाई से कराने के लिए 38 सेक्टर मजिस्ट्रेट व पांच फ्लाइंग स्क्वायड की तैनाती की थी।


प्रश्नपत्र पर चर्चा करतीं अभ्यर्थी। अमृत विचार

### उम्र में फर्जीवाड़ा करने वाला अभ्यर्थी गिरफ्तार

- रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रावतपुर के एक सेंटर से प्रमोद कुमार नाम का युवक पकड़ा गया है। आधार कार्ड की जांच के दौरान वह अधिक उम्र का मिला, जबकि एडमिट कार्ड में कम उम्र दर्ज थी। पुलिस ने प्रमोद से सख्ती से पूछताछ की तो सामने आया कि बिहार निवासी प्रमोद की उम्र अधिक हो गई थी। उसने दोबारा हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा देकर अपनी उम्र कम कराई थी, लेकिन आधार कार्ड में संसोधन नहीं हो सका था। प्रमोद के खिलाफ भी धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## खराब सीवर व इंटरलाकिंग कार्य की जांच शुरू

**कानपुर।** कालपी रोड दर्शन पुरवा में सीवर लाइन और इंटरलॉकिंग के घटिया कार्य पर जांच शुरू हो गई है। ठेकेदार की ओर से घटिया निर्माण सामग्री का इस्तमाल करने की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर की गई थी। इसके बाद नगर निगम ने मामले में निर्माण की जांच शुरू की है।

दर्शनपुरवा निवासी रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि ठेकेदार मानके विपरीत कार्य कर रहा है। पुराना ईंट लगाया जा रहा है। सीमेंट का पाइप डाला जा रहा है। थर्ड क्वालिटी की इंटरलॉकिंग बिछाई जा रही है। सीवर के पुराने चैंबर की मरम्मत ठेकेदार कर दे रहा है जबकि नया चैंबर बनाया जाना था। सीवर पाइप बिछाने में भी ठेकेदार लापरवाही कर रहा है। बिना बालू व गिट्टी बिछाए ही सीवर लाइन को बिछाया जा रहा है। उन्होंने बताया कुछ कहो तो ठेकेदार काम बंद करने की धमकी देता है। तंग आकर आईजीआरएस पर शिकायत की है।

**पीडब्ल्यूडी ने कहा मेरा नहीं कामः** शिकायत के बाद निस्तारण के लिये पीडब्ल्यूडी को मामले की जानकारी दी गई। पीडब्ल्यूडी ने कहा कि यह मेरा काम नहीं है।

# दवा करोबारी का हुआ अंतिम संस्कार किशोर को भेजा गया संप्रेक्षण गृह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिठूर-गंगा बैराज रोड पर स्टंट कर रहे नाबालिग चालक की कार से कुचलने की वजह से मृत दवा कारोबारी निकेश तलाटी का भगवतदात घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार निकेश के बड़े बेटे पुणे निवासी गौरांक तलाटी ने किया। वहीं पुलिस ने नाबालिग आरोपी को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया। पुलिस ने नाबालिग के बयानों के आधार पर मुकदमे में अपराध की साजिश रचने की धारा में बढ़ोत्तरी करते हुए साथी दोस्त फुजैल को जेल भेजा है।

सिविल लाइंस स्थित गुजरात अपार्टमेंट निवासी निकेश तलाटी (62) की बिरहाना रोड दवा मार्केट में तलाटी ब्रदर्स के नाम से दुकान है। निलेश रोजाना की तरह शनिवार सुबह सात बजे साथियों के साथ साइकिलिंग के लिए निकले थे ओर रोजाना की तरह अपने दोस्तों अमरदीप व रवि शास्त्री के साथ बिठूर स्थित साईं मंदिर जा रहे थे। बिठूर की ओर से ग्वालटोली सूटरगंज निवासी मो. फुजैल इमरान और इफ्तिखाराबाद निवासी उसका नाबालिग दोस्त, पोलो कार चलाते हुए आ रहा था। एनआरआई सिटी के पीछे उसने कार से स्टंट करते हुए उसे अचानक गोल-गोल घुमाने का प्रयास किया। इस दौरान कार अनियंत्रित हो गई और नाबालिग चालक सामने से आ रहे निकेश को कुचलते हुए निकल गया।

मृतक के चचेरे भाई आशीष तलाटी ने नवाबगंज थाने में नाबालिग कार चालक व कार मालिक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने नाबालिग कार चालक को हिरासत में लेकर कार जब्त कर ली थी। रविवार को गौरांक ने भगवतदास घाट पर पिता का अंतिम संस्कार किया। छोटा बेटा श्रेय न्यूजीलैंड में होने के कारण अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाया। वहीं पुलिस ने रविवार को मुदकमे में अपराध की साजिश रचने की धारा में बढ़ोत्तरी की। पुलिस ने नाबालिग को नौबस्ता स्थित बाल संप्रेक्षण गृह व साथी फुजैल को जेल भेज दिया। नवाबगंज इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि किशोर के बयान के आधार पर मुकदमें में धारा की बढ़ोत्तरी कर किशोर को बाल संप्रेक्षण गृह व उसके साथी को जेल भेजा गया है। जांच कर कार मालिक की तलाश की जा रही है।


मृत दवा कारोबारी निकेश तलाटी।

- पुणे से आए बड़े बेटे ने दी मुखाग्नि, न्यूजीलैंड से नहीं आ सका छोटा बेटा

### और तेजी से मारो कट...

- पुलिस ने नाबालिग कार चालक से पूछताछ की, जिसमें जानकारी मिली कि कार में बैठा साथी फुजैल उससे कार और तेजी से चलाने की बात कह कर अचानक कट मारने को कह रहा था। नाबालिग ने बताया कि फुजैल कह रहा था कि एकदम से कट मारने पर पूरी कार घूम जाएगी, उसके बहकावे में आकर उसने कार की स्पीड बढ़ा दी थी।

## 25 हजार के इनामी गोकश से मुठभेड़ पैर में लगी गोली

**कानपुर।** सचेंडी पनकी रोड स्थित एक रिसॉर्ट के सामने रविवार देर शाम 25 हजार के इनामी गोकश दिलशाद उर्फ शमशेर को मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली मार कर दबोच लिया। घाटमपुर थाने से शमशाद पर 25 हजार का इनाम घोषित था। सचेंडी पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर उसकी घेराबंदी की तो आरोपी ने फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में इनामी के पैर में गोली लगी।

डीसीपी वेस्ट विजय ढुल ने बताया कि घाटमपुर के नौबस्ता पूर्वी निवासी दिलशाद उर्फ शमशेर गोकशी कराता है। दिलशाद के खिलाफ उसके खिलाफ आगरा, हमीरपुर और जालौन में कई मुकदमे दर्ज है। दिलशाद काफी लंबे समय से फरार चल रहा था, पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम रखा था। पुलिस की टीम उसकी तलाश कर रही थी। रविवार देर शाम पुलिस को दिलशाद के सचेंडी थाने के आगे स्थित एक रिसॉर्ट के पास होने की जानकारी मिली। पुलिस ने चेकिंग अभियान लगाकर तलाशी शुरू की। घेराबंदी देख पुलिस को देख दिलशाद ने तमंचा निकालकर फायर कर दिया।

**नाराजगी** | नगर निगम की आज बुलाई गई बैठक, हंगामे की आशंका, बिना अध्यक्ष की अनुमति के नहीं पेश हो सकेंगे नए प्रस्ताव

# पार्षद की चेतावनी, रजाई-गद्दा डाल सदन में रहूंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सोमवार को नगर निगम सदन की बैठक बुलाई गई है। देर से सदन बुलाने और वार्डों में पार्षदों का काम न होने पर सदन में हंगामा होने के आसार हैं। वार्ड 14 की पार्षद शालू कनौजिया ने क्षेत्र की उपेक्षा करने पर चेतावनी भरा वीडियो जारी किया है। उन्होंने कहा सोमवार को लगने वाले सदन में वह रजाई गद्दा लेकर पहुंचेंगी और जब तक समस्या का हल नहीं होता वहीं बैठी रहेंगी। पार्षदों के 10 लाख के काम न होने, 15-15 लाइन न मिलने पर भी कई दूसरे पार्षद सदन में हंगामा कर सकते हैं।

31 जनवरी को हुये स्थगित सदन को महापौर ने 17 फरवरी को बुलाया था। लेकिन, एक बार फिर सदन को कैंसिल कर दिया गया। पार्षदों का इसपर कहना है कि सदन की कार्यवाही को मजाक बनाकर रख दिया गया है। इससे पहले कभी भी सदन बुलाकर पार्षदों की बेइज्जती नहीं की गई। जिम्मेदार अधिकारी सदन को खेल समझ रहे हैं, और नगर निगम संविधान को ताक पर रखकर काम कर रहे हैं। महापौर प्रमिला पांडेय ने बताया कि सोमवार को होने वाली बैठक में 26 अगस्त 2023 और 09 अक्टूबर 2023 को पूर्व सदन में दिये गये निर्देश और प्रस्तावों पर की गई कार्यवाही से पार्षदों को अवगत कराया जायेगा।


पार्षद शालू कनौजिया।

### नये प्रस्ताव नहीं कर पाएंगे पेश

- सदन में नवीन प्रस्ताव पार्षद अनुमति के बाद ही सदन के पटल पर प्रस्तुत कर सकेंगे। हालांकि, पार्षदों को नियम से अपनी बात रखने का मौका दिया जायेगा। सदन में नये प्रस्तावों को पेश करने पर लगी रोक के खिलाफ हंगामा भी हो सकता है। वहीं, पार्षद अपने क्षेत्रों में काम को लेकर भी हंगामा कर सकते हैं।

### नगर आयुक्त के नहीं पहुंचे, सदन स्थगित हुआ

- नगर निगम ने 26 अगस्त को कार्यकाल का पहला सदन बुलाया था। इस बार कुल 22 अरब से ज्यादा के बजट को हरी झंडी दी गई। हालांकि, इस दौरान सदन का स्थगित किया गया और 9 अक्टूबर को स्थगित सदन को फिर से बुलाया गया, इस दौरान पार्षदों के मुद्दों पर चर्चा हुई। पहले यह सदन 28 दिसंबर फिर 6 जनवरी को बुलाने पर चर्चा हुई। लेकिन, जब महापौर ने 31 जनवरी को सदन की दूसरी बैठक बुलाई तो यह शुरू होने से पहले ही खत्म हो गई। नगर आयुक्त के सदन में न पहुंचने से पार्षदों ने जमकर हंगामा किया था।

# अपना अस्तित्व बचाने को सेंधमारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा सरकार में विकास कार्य पूरी तरह से ठप हो गए हैं। अन्य सरकारों में हुए विकास कार्यों को भाजपा अपने विकास कार्य बताकर विकास करने का ढिंढोरा पीट रही है, जबकि सच्चाई इसके विपरीत है। 10 वर्षों के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने जनता की जरूरत व उनके हितों के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित नहीं की हैं। यह कहना है सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद का।

समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रविवार को आर्य नगर विधानसभा क्षेत्र के लक्ष्मी पुरवा तलऊवा और गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र के रावतपुर में पीडीए पंचायत की बैठक की। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पीडीए एनडीए सरकार को हराकर पूरे देश व प्रदेश से सूपड़ा साफ करेगा। क्योंकि पीडीए की प्रतिदिन बढ़ती लोकप्रियता से केंद्र की भाजपा सरकार घबरा गई है। इसलिए वह अपना अस्तित्व बचाने के लिए विपक्षी दलों में सेंधमारी कर विपक्षी नेताओं व कार्यकर्ताओं को अपने दल में शामिल कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश से विपक्ष और लोकतंत्र को पूरी तरह से समाप्त करना चाहती है। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ.नीतेंद्र सिंह रहे।



पीडीए पंचायत में सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद।

# रास्ते में हो गया प्रसव, चारपाई बनी एंबुलेंस

संवाददाता, घाटमपुर

- रिश्तेदारी से अपने गांव लौट रही थी गर्भवती
- महिलाओं ने दोती का पर्दा बना कराया प्रसव

**अमृत विचार:** रिश्तेदारी से अपने गांव जाने के लिए पति के साथ निकली गर्भवती महिला को रास्ते में ही प्रसव पीड़ा होने लगी। आसपास मौजूद महिलाओं ने उसकी हालत देखी तो फौरन मौके पर पहुंचीं और धोती-शाल का पर्दा बनाकर प्रसव कराया। इसके बाद चारपाई पर लिटाकर उसे रिश्तेदार के घर पहुंचाया।

घाटमपुर क्षेत्र के बेंदा गांव का रहने वाला करन संखवार अपनी पत्नी बबली देवी के साथ शनिवार को दहेली गांव निवाली अपने साढ़ू कैलाश संखवार के घर आया था। बबली गर्भवती थी। अपनी बहन के घर रात भर रुकने के बाद बबली रविवार को अपने पति के साथ अपने गांव बेंदा लौट रही थी। दहेली गांव घाटमपुर-मूसानगर रोड से करीब 800 मीटर दूर है। दोनों लोग गांव से पैदल ही निकले थे और मूसानगर रोड पर पहुंचकर सवारी गाड़ी का इंतजार कर रहे थे।

### इंसानियत देख पति के छलक पड़े आंसू

खुली सड़क पर पत्नी को प्रसव पीड़ा होने से पति करन संखवार खासा परेशान था। उसे कुछ सूझ नहीं रहा था कि क्या करे, लेकिन अजनबी महिलाओं की इंसानियत देखकर उसकी आंखों में आंसू छलक आए। सुरक्षित प्रसव के बाद वह उन महिलाओं को शुक्रिया कहता रहा, जिन्हें वह जानता तक नहीं था। उसका कहना है कि अगर बुजुर्ग महिलाओं ने मदद नहीं की होती तो जच्चा-बच्चा की जान बचानी मुश्किल हो जाती।

बताया जाता है कि गांव से पैदल चलकर मेन रोड के दहेली चौराहे पहुंचने के बाद बबली को प्रसव पीड़ा होने लगी। उस समय वहां कोई महिला भी नहीं थी। परेशान पति करन ने चौराहे पर स्थित शराब ठेका के मालिक से मदद मांगी। शराब ठेकेदार ने उसकी हालत देखते हुए रास्ते से गुजर रही कुछ महिलाओं को रोका। पास के ही दिल्ली गांव से कुछ महिलाएं और कुछ राहगीर महिलाओं ने मदद को हाथ बढ़ाया।

बुजुर्ग महिलाओं ने अपनी धोती और शाल का पर्दा बनाकर प्रसव कराया। बुजुर्ग महिलाओं ने प्रसव कराया। प्रसव के दौरान उसे बेटी पैदा हुई, जो पूरी तरह स्वस्थ है।

इस बीच प्रसव की खबर रिश्तेदारी में पहुंची तो बहन के साथ पड़ोस की कुछ महिलाएं भी वहां पहुंच गईं। एंबुलेंस का इंतजाम नहीं होने पर घर ले जाने की समस्या थी। बहनोई कैलाश संखवार ने दिल्ली गांव से एक चारपाई मंगवाई। इसके बाद बबली और उसकी बेटी को चारपाई पर लिटाकर फिर दहेली गांव बहनोई के घर पहुंचाया गया। बहनोई कैलाश संखवार के मुताबिक प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

# दूसरी शादी कर पत्नी गई ससुराल गुहार लगाने वाला पति पहुंचा जेल

संवाददाता, घाटमपुर

- घाटमपुर पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में कर दिया चालान

**अमृत विचार:** पहले प्यार, फिर शादी और बाद में तलाक के मुकदमे की नौबत आने पर पत्नी ने शनिवार को दूसरी शादी कर ली। वह अपने दूसरे पति के साथ ससुराल चली गई। इधर, शादी रोकने पहुंचे पहले पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और शांति भंग के आरोप में चालान कर जेल भेज दिया।

सजेती थाना क्षेत्र के सरगांव निवासी हरिवंश ने शनिवार दोपहर नगर के एक गेस्ट हाउस पहुंचकर अपनी पत्नी की दूसरी शादी रोकनी चाही। गेस्ट हाउस में पत्नी की शादी होते देखकर उसने डायल 112 पर सूचना दी। उसने बताया कि पत्नी घाटमपुर के एक गेस्ट हाउस में दूसरी शादी कर रही है। कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची घाटमपुर पुलिस ने गेस्ट हाउस के बाहर खड़े पूर्व पति हरिवंश को गिरफ्तार कर थाने ले गई थी।

इधर, पुलिस हरिवंश से थाने में पूछताछ करती रही, उधर गेस्ट हाउस में पत्नी दूसरे के साथ सात फेरे लेकर दुल्हन बन गई। जल्दी-जल्दी रस्मे पूरी होने के बाद बारात विदा हो गई थी। रविवार को पुलिस ने हरिवंश के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया, जिसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि हरिवंश का अदालत में तलाक का मुकदमा चल रहा है। वह शादी रोकने का अदालत का कोई आदेश भी नहीं दिखा पाया, जिस वजह से उसके विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

## एक नजर

### कन्या पूजन कर भेंट की पाठ्य सामग्री

**कानपुर।** श्री मां काली भक्तजन समिति की ओर से रविवार को कन्या पूजन व कन्याओं को पाठ्य सामग्री भेंट की गई। समिति के तत्वाधान में मां काली मंदिर शास्त्री नगर के 53वें स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति के संयोजक केके सिंह ने बताया कि 53 कन्याओं के चरण पखार कर पूजन किया गया और सभी को भाजपा नेता डॉ. शैलेंद्र दीक्षित की मौजूदगी में पाठ्य सामग्री व बस्ते भेंट किए गए। कन्याओं को दक्षिणा देकर विदा किया गया। कार्यक्रम में अरुण मिश्रा, डॉ. मनप्रीत सिंह, राजेंद्र कटियार, हरगोविंद दीक्षित, विनोद कुरील, सीताराम पासवान, इंद्रजीत आहूजा आदि मौजूद रहे।

### स्कूल के पास खर-पतवार में लगी आग बुझाई गई

**घाटमपुर।** कानपुर रोड स्थित सिहारी स्कूल के पास एक तालाब में खड़े खरपतवार में आग लग गई। आग के विकराल रूप लेने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

### फांसी लगाकर जान दी

**कानपुर।** हनुमंत विहार के गल्ला मंडी हनुमान बाजार निवासी राहुल शर्मा (22) ने रविवार को फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि राहुल बिधनू के धरारा गांव का रहने वाला है। वह हनुमंत विहार में अपनी बहन के घर में रहकर काम करता था। रविवार को उसने कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या की है। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है।



जीवनसाथी को प्यार से खिलाई आइसक्रीम। अमृत विचार



सीएसए के वानिकी मैदान पर आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के दौरान अपने हमसफर के साथ बैठे जोड़े। अमृत विचार

# विवाह बंधन में बंधे 181 जोड़े, गूंजी शहनाई

▶▶ श्री बद्री विशाल सेवा समिति का सामूहिक विवाह समारोह ▶▶ तिलक लगाकर दूल्हों का हुआ स्वागत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** सीएसए के वानिकी ग्राउंड में रविवार को खुशियों का माहौल था। परिसर में शहनाई गूंजी, बधाई गीत गाए गए। वरमाला के बाद 181 जोड़े विवाह बंधन में बंध गए। श्री बद्री विशाल सेवा समिति की लोगों ने जमकर सराहना की, जिसके प्रसासों से युवतियों को बेहतर जीवनसाथी मिला।

श्री बद्री विशाल सेवा समिति लगातार सात वर्षों से सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन करा रहा है। इसी क्रम में रविवार को 181 जोड़ों ने सात फेरे लिए और गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। श्री बद्री विशाल सेवा समिति के अध्यक्ष (कार्यक्रम आयोजक) अजीत अग्रवाल ने बताया कि यह सामूहिक विवाह का आयोजन लगातार सात वर्षों से किया जा रहा है। समिति की ओर से पूरे विधि-विधान के साथ जोड़ों का विवाह कराया जाता है। उन्होंने बताया कि रविवार विवाह परिसर में उनके परिवार, समाज के साथ समिति के सदस्यों ने दूल्हों को तिलक लगाकर स्वागत किया।

समारोह परिसर में राधा-कृष्ण के वेश में सजे कलाकारों ने शहनाई व बधाई गीत पर नृत्य कर वर-वधू को बधाई दी। इसके बाद 12 बजे जयमाल हुआ। जोड़ों के परिवार और मेहमानों के भोजन के बाद विवाह की रस्में पूरी कराई गई। इसके बाद करीब तीन बजे विदाई की रस्म संपन्न कराई गई।

सभी 181 जोड़ों को गृहस्थी में उपयोगी सामान टीवी, फ्रिज, आल्मारी, बर्तन, कपड़े, रजाई-गद्दा उपहार में दिया गया। श्री बद्री विशाल परिवार ने वर व वधू के सुनहरे भविष्य की कामना के साथ विदाई दी। यहां श्री बद्री विशाल धाम उत्तराखंड के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामि अविमुक्तेश्वरानन्द के शिष्य ने नवविवाहित जोड़ों को खुशहाल जीवन का आशीर्वाद दिया।

### अनाथ, बेसहारा और गरीब कन्याओं के लिए ढूंढे वर

समिति के तानुष अग्रवाल ने बताया कि इस बार 181 जोड़ों में 108 के किसी के माता तो किसी के पिता नहीं है। इसमें 80 जोड़े ऐसे हैं, जिनके माता-पिता दोनों नहीं है। पूरे साल इन जोड़ों की तलाश की जाती है। जिससे उनके चेहरे पर खुशी लाई जा सके। इस तरह का प्रयास हर साल किया जाता है।

### जोड़े बोले, दिली खुशी मिली

दूल्हा अंकित व दुल्हन निशा ने कहा कि परिजन विवाह करते तो अकेले होता। यहां ऐसा सौभाग्य हासिल हुआ कि 108 बहनें उनके साथ थीं। ऐसे माहौल में विवाह से उन्हें दिली खुशी मिली है। वहीं दूल्हा शिवकेश व दुल्हन विश्वलेखा ने समिति का आभार जताया कि ऐसे माहौल में उनकी शादी हुई। यहां संतों के साथ समाजसेवकों का आशीर्वाद मिला।

### दस प्रतिशत जोड़े गैरजनपदों के, दिव्यांग जोड़े ने भी लिए सात फेरे

तानुष के अनुसार दस प्रतिशत जोड़े शहर से बाहर के है। सीतापुर, लखनऊ, औरैया, कानपुर देहात, अकबरपुर के जोड़ों को समिति को लोग वहां से तलाश कर लाए हैं। 181 जोड़ों में एक जोड़ा यानी वर व वधू दोनों दिव्यांग हैं।

# छह जोड़ों के विवाह संग 25 बटुकों का यज्ञोपवीत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▶▶ कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह समारोह

**अमृत विचार।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की ओर से रविवार को शिवाजीनगर में छह जोड़ों का सामूहिक विवाह व 25 बटुकों का यज्ञोपवीत कराया गया। कार्यक्रम सनातन पद्धति, घरों में अपनाई जाने वाली परंपराओं को निभाते हुए किए गए।

कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के महामंत्री यज्ञकांत शुक्ल ने बताया कि पंडित प्रदीप बाजपेई की अध्यक्षता व अरूण चैतन्य पुरी के जी तथा आर्शीवचन में कार्यक्रम हुआ। संस्था के संस्थापक रमाकान्त शुक्ल ने परशुराम व गायत्री माता का चित्र भी बटुकों को भेंट किया। बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार के बाद परिजनों ने शोभायात्रा निकाली। कार्यक्रम के बाद सभी बटुकों व वर-वधू को उपहार स्वरूप गृहस्थी का सामान दिया गया। जयमाल के बाद आठ लोगों को प्रशस्ति पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

जिसमें डॉ. उमेश पॉलीवाल को चिकित्सक रत्न, ममता द्विवेदी को समाजसेवी रत्न, एकता मिश्रा को अधिवक्ता रत्न, नरेंद्र शास्त्री को ज्योतिषाचार्य रत्न, डॉ. वरूण शुक्ल को शिक्षक रत्न, सुधीर शुक्ल को ब्राह्मण रत्न, ब्रजेंद्र दीक्षित व भइयन बाजपेई को अभिनय रत्न से सम्मानित किया गया।



कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की ओर से भी कराई गई शादी। अमृत विचार

# हादसों में एक की मौत, दो घायल

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में रविवार को हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई, वहीं बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में दोनों युवकों को कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पहला हादसा नगर के एक गेस्ट हाउस के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से नगर के कजियाना मोहल्ला निवासी 52 वर्षीय रऊफ ऊर्फ लालाजी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में अधेड़ को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गई।



हादसे में घायल अवधेश।



घायल प्रमोद कुमार।

### हादसे में घायल युवक की अस्पताल में थमीं सांसें

घाटमपुर। एक फरवरी को भदरस मोड़ पर हादसे में घायल हुए दूसरे व्यक्ति की भी कानपुर में इलाज के दौरान सांसें थम गईं। घाटमपुर के भदरस गांव के नारायण सिंह का पुत्र प्रहलाद सिंह और दीपू अवस्थी एक फरवरी को एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर गांव लौट रहे थे, तभी रात्रि 11 बजे चमड़ा फैक्ट्री के पास कार पलट गई थी, जिसमें दीपू की मौत हो गई थी, जबकि प्रहलाद गम्भीर रूप से घायल हो गया था। उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। नारायण सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

दूसरा हादसा घाटमपुर थाना क्षेत्र के स्योंदी गांव के पास हुआ, जहां दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों में सवार 20 वर्षीय अवधेश और 27 वर्षीय प्रमोद कुमार घायल हो गए। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत में दोनों को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज चल रहा है।

## देह परिवर्तन पर हुई विनयांजली सभा

**कानपुर।** आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के देह परिवर्तन पंचतत्व विलीन हो जाने पर रविवार को बृजेंद्र स्वरूप पार्क में विनयांजली सभा हुई। आचार्य के परम शिष्य मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज व छुल्लक श्री 105 गंभीर सागर महाराज के सानिध्य में सभा का आयोजन हुआ।

विनयांजली सभा में बोलते हुए पंडित सुमित शास्त्री ने कहा कि आचार्य अपनी दूरदृष्टि से देश में फैल रही सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए हमेशा अग्रसर रहे। भारत को भारत कहा जाए इंडिया नहीं उन्होंने हमेशा इस पर जोर दिया। गोसेवा के पक्षधर होने के नाते भारत में 160 से अधिक गोशालाओं की प्रेरणा दी। इस मौके पर कमले, डॉ. अनूप जैन, सौरभ जैन, भूपेंद्र जैन, अमित जैन, संजय जैन, अनिल जैन, आमोद जैन, सुनील जैन, मनीष जैन आदि समाज के लोग मौजूद रहे।

# शहीद नित्यानंद गुप्ता का जल्द बनेगा स्मारक स्थल

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार:** लगभग एक दशक पूर्व उत्तराखंड त्रादसी में राहत व बचाव कार्य के दौरान हेलीकॉप्टर हादसे में शहीद हुए कस्बा निवासी एनडीआरएफ कमांडेंट नित्यानंद गुप्ता की याद में स्मारक स्थल के लिए रविवार को भूमि पूजन हुआ। सेना के अधिकारियों की मौजूदगी में पूजन के बाद जल्द ही स्मारक स्थल का निर्माण होगा।

### हाईवे किनारे मिली भूमि

तमसहा रोड पर हाईवे किनारे भूमि का चयन किया गया। रविवार को आईटीबीपी- 32 बटालियन कानपुर से आए सब इंस्पेक्टर प्रकाश चंद्र ठाकुर व सेना के जवानों की मौजूदगी में भूमि का पूजन किया गया। शहीद की प्रतिमा के स्थान पर स्मारक स्थल बनाया जाएगा। यहां शहीद के छोटे भाई सोनू गुप्ता ,प्रधान कल्लू यादव, आचार्य सतीश शुक्ला, रविकांत प्रसाद यादव, ओम प्रकाश, नवीन, भूपेंद्र व दिनेश रहे।



शहीद नित्यानंद गुप्ता।

कस्बा के मन्नालाल गुप्ता के बड़े बेटे नित्यानंद गुप्ता की वर्ष 1988 में आईटीबीपी में कमांडेंट के पद पर नियुक्ति हुई थी। राष्ट्रीय राहत आपदा बल गठन के बाद पैरा ब्रिगेड प्रशिक्षण देकर उनकी तैनाती एनडीआरएफ में कमांडेंट के पद पर हुई। परिवार में पत्नी माधुरी के अलावा बेटा मनन व बेटी साक्षी के साथ जीवन यापन कर रहे नित्यानंद 25 जून 2013 को तब शहीद हो गए, जब उत्तराखंड में त्रादसी के दौरान गौरीकुंड में राहत कार्य के दौरान उनका हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## सार-संक्षेप

### एनयूपीपीएल के प्रमुख वेंकट स्वामी व अमित शर्मा पुरस्कृत



सम्मानित किए गए पॉवर प्लांट के अधिकारी।

**घाटमपुर।** नेयवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड ने 13वें वैश्विक सीएसआर उत्कृष्टता और नेतृत्व पुरस्कार की विभिन्न क्षेत्रों में सर्वोत्तम सीएसआर कार्य श्रेणी में पुरस्कार जीता। यह कार्यक्रम वर्ल्ड सीएसआर डे पर मुंबई में आयोजित किया गया था। एनयूपीपीएल को कानपुर, उत्तर प्रदेश और अन्य हिस्सों में उत्कृष्ट सीएसआर कार्यों के लिए पुरस्कार मिला। एनयूपीपीएल से मानव संसाधन प्रमुख वेंकट स्वामी और अमित शर्मा ने पुरस्कार ग्रहण किया। इसको लेकर पावर प्लांट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पावर प्लांट में मिष्ठान का विवरण किया गया। यह जानकारी पावर प्लांट के स्वामित्र पांडे ने दी।

### अमरजीत सिंह जनसेवक को श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग। अमृत विचार

**कानपुर।** राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने रविवार को शास्त्रीनगर सेंट्रल पार्क में शोकसभा कर अमरजीत सिंह जनसेवक को श्रद्धांजलि दी। शोकसभा में उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। शोकसभा में राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने अमरजीत सिंह जनसेवक के जीवन संघर्ष को याद किया। कहा कि उन्होंने दिव्यांगजनों का गौरव बढ़ाया है। विधायक रहते हुए उन्होंने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की स्थापना में सकारात्मक भूमिका निभाई है। दिव्यांगजनों की प्रेरणा व मार्गदर्शक रहने के साथ हमेशा गरीबों, मजबूरों की मदद के लिए आगे रहे| उनके निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है| उनके प्रयास से समाज के लिए किया गया योगदान कभी भूलाया नहीं जा सकता है| वीरेंद्र कुमार ने कहा कि हम लोगों ने दिव्यांगजनों का मसीहा खो दिया है| श्रद्धांजलि देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष आनंद तिवारी, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अल्पना कुमारी, मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, अरविंद सिंह, गुड्डी दीक्षित, गौरव कुमार, वैभव दीक्षित आदि रहे।



एथलेटिक्स में विजेता बच्चों को दिए गए पुरस्कार। अमृत विचार

### ओपन एथलेटिक्स मीट में बच्चोंने दिखाया दम

**कानपुर।** एम्स इंडिया पब्लिक स्कूल में रविवार को ओपन एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एम्स इंडिया के बच्चों के साथ अन्य स्कूलों के 225 से ज्यादा बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चे पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिता में शामिल हुए और विजेताओं ने गोल्ड, सिल्वर और कांस्य पदक जीता। छात्रों ने दूसरे स्कूलों के बच्चों को भी मुकाबले के लिए प्रेरित किया ताकि अपने आपको निखार सकें। प्रतियोगिता में बच्चों के माता-पिता भी बतौर दर्शक आमंत्रित थे। परिजनों ने भी कार्यक्रम का आनंद लिया। प्रतियोगिता के दौरन स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. इमरान खान और निदेशक सनोबर नाज मौजूद रहे।

सीके नायडू ट्रॉफी — ग्रीनपार्क मैदान पर अंडर-23 के मुकाबले में जम्मू-कश्मीर की टीम 216 रनों के स्कोर पर सिमटी

# शुरुआत से लड़खड़ाई जम्मू-कश्मीर टीम पवेलियन लौटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क में खेली जा रही अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में पहले दिन यूपी के रोहित द्विवेदी व प्रशांत वीर की सधी गेंदबाजी के आगे जम्मू-कश्मीर की टीम धराशाई हो गई। हालांकि अर्नव गुप्ता ने 62 रनों की अच्छी पारी खेली। पहले ही दिन जम्मू की टीम टी ब्रेक से पहले 51.5 ओवर में 216 रन पर पवेलियन लौट गई। इसके बाद यूपी की टीम उतरी और पहले दिन का खेल खत्म होने तक स्कोर 35 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 90 रन रहा।

जम्मू-कश्मीर की ओपनिंग ऐसी लड़खड़ाई की एक के बाद एक विकेट गिरता चला गया। बल्लेबाजी करने उतरे जम्मू के ओपनर रिदम शर्मा और काजी जुनैद ने टीम का स्कोर बढ़ाना शुरू किया था, तभी दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर कुणाल त्यागी ने काजी जुनैद को एलबीडब्ल्यू कर बगैर रन बनाए ही पवेलियन लौटा दिया। तीसरे ओवर की तीसरी गेंद पर रोहित द्विवेदी ने रिदम शर्मा को एक रन पर विकेट कीपर आराध्या यादव के हाथों कैच थमाकर वापस भेज दिया। जम्मू का तीसरा विकेट कन्हैया वाधवन का पांच रन पर गिरा।

पांचवें ओवर की चौथी गेंद पर कुणाल त्यागी ने कन्हैया को बोल्ड कर दिया। इसके बाद आठवें ओवर की पहली ही गेंद पर रोहित द्विवेदी ने शिवांश शर्मा को तीन रन पर विकेटकीपर के हाथों कैच दिलवाकर पवेलियन भेजा। जम्मू की लड़खड़ाती पारी को यावीर हसन और अर्नव गुप्ता ने संभाल और 106 गेंद पर 84 रनों की भागीदारी की। 24.5 ओवर में प्रशांत वीर की गेंद पर यावीर हसन 48 रन पर कृतज्ञ त्यागी के हाथों कैच आउट हुए। 29.4 ओवर में रोहित द्विवेदी ने 62 रन पर अर्नव गुप्ता का विकेट लिया। 38.4 ओवर में विपरज निगम ने 29 रन पर गोविंद शर्मा को बोल्ड किया। 46.5 ओवर में विपरज ने मुजतबा यूसुफ को 30 रन पर एलबीडब्ल्यू किया।



बल्लेबाजी करते जम्मू के बल्लेबाज। अमृत विचार

### यूपी के धाकड़ बल्लेबाज भी नहीं चले

यूपी के ओपनर बल्लेबाज पार्थ जैन और स्वस्तिक चिकारा लक्ष्य का पीछा करने उतरे, लेकिन दूसरे ओवर की अंतिम गेंद पर बासित बशीर की गेंद पर स्वास्तिक ने दो रन पर ही विकेटकीपर शिवांश शर्मा को कैच दे दिया। इसके बाद तीसरे ओवर की पांचवी गेंद पर मुस्तफा यूसुफ की गेंद पर कृतज्ञ सिंह ने काजी जुनैद को बिना खाता खोले कैच दे दिया। यूपी को तीसरा झटका मनीष सोनकर के रूप में लगा। पहले दिन का खेल खत्म होने तक यूपी का स्कोर 35 ओवर पर तीन विकेट के नुकसान पर 90 रन पर था। यूपी के बल्लेबाज पार्थ जैन 45 रन व समीर रिजवी 32 रन बनाकर क्रीज पर जमे है। वहीं 23वें ओवर में पार्थ जैन को एक जीवनदान मिला। मुस्तफा यूसुफ की गेंद पर पार्थ ने शॉट लगाया और वहां खड़े यावर हसन के हाथ से कैच छूट गया।

## विद्यार्थियों के विज्ञान मॉडलों को सराहा

**कानपुर।** चिल्ड्रंस केयर स्कूल इंद्रपुरी में बच्चों ने कलाकृति व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ नीति आयोग के सदस्य अवनीश त्रिपाठी, नायब तहसीलदार संगीता यादव, नवोदय विद्यालय समिति के सदस्य अनिल गुप्ता व स्कूल की प्रधानाचार्या अर्चना गुप्ता ने दीप जलाकर किया।

नीति आयोग के सदस्य ने छात्रों के मॉडलों पर प्रश्न किए। प्रदर्शनी में छात्रों के धर्म व संस्कृति का संगम देखकर लोग भावविभोर हुए। विज्ञान के विभिन्न मॉडल बनाकर छात्रों ने सिद्धांतों को प्रस्तुत किया। समर्थ राज ने बहुमंजिला इमारतों में पानी की लाइन में एक उपकरण लगाकर गुरुत्व बल से बिजली बनाकर हैरान कर दिया। वहीं स्कदिता, अविराज, अनन्या, दिव्या, सृष्टि, समर, श्रेष्ठा व पायल आदि ने प्रस्तुति दी।

# सरैयां क्रासिंग के महा जाम में फंसते आम से लेकर खास

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



सरैयां क्रासिंग जाने वाले मार्ग पर लगा भीषण जाम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगा बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर रेलवे ओवरब्रिज बनाने का काम चल रहा है। समय सीमा पूरी होने के बावजूद अभी तक आरओबी का कार्य अधर में है। जिसके चलते रोजाना लोगों को जाम का दंश से झेलना पड़ रहा है। इसके साथ ही जाम लगने के कारण कानपुर, लखनऊ व उन्नाव के तमाम वीआइपी भी इसका दंश झेल रहे हैं। हालांकि जाम से निकलने के बाद वे इसे भूल जाते हैं और आमजन इससे जूझते रहते हैं।

बता दें कि राज्य सरकार और उत्तर रेलवे के संयुक्त सहयोग के बाद वर्ष-2018 में सरैयां रेलवे क्रासिंग पर आरओबी बनाने की स्वीकृत मिली थी। आरओबी बनने में 78 करोड़ 83 लाख 51 हजार से राज्य सेतु निगम की निगरानी में कार्यदायी संस्था ने फरवरी-2022 में आरओबी का कार्य शुरू कराया था। कार्य जून-2023 में समाप्त होना था। शुरू में तेजी से बैराज मार्ग की ओर कार्य कराया गया। इसके बाद इसमें लगी मशीनों को बनारस भेज दिया गया था। इसके बाद दो बार इकाई भी बदली जा चुकी है। इधर आरओबी का काम होने से बैराज मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे और संकरे रास्ते के कारण रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। जबकि कानपुर शहर और शुक्लागंज में जाम का दंश न झेलना पड़े इसके लिए राज्यपाल, उप मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री के अलावा अन्य वीआईपी भी इस मार्ग से ही निकलते हैं। आम राहगीर भी बैराज मार्ग से सरैया क्रॉसिंग से होते हुए उन्नाव, कानपुर व लखनऊ जाते हैं।

### क्रॉसिंग के बगल में बनी नई रेलवे क्रॉसिंग

सरैया क्रॉसिंग पर भीषण जाम लगने के कारण रेलवे का कार्य प्रभावित हो रहा है। जिसे देखते हुए क्रॉसिंग के बगल में नई क्रॉसिंग बनाई गई है। जो जल्द ही चालू होने वाली है। क्रॉसिंग चालू होने के बाद राहगीरों को जाम से राहत मिल सकती है।

### महाजाम को लेकर स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया



अधिवक्ता अनुराग बाजपेई के अनुसार, हाईवे को जोड़ने के लिए बैराज मार्ग सबसे सुलभ रास्ता है। लेकिन, जाम लगने से 10 मिनट के इस रास्ते में एक घंटे का समय लग जाता है।



पूर्व बार अध्यक्ष दीप नारायण त्रिवेदी ने कहा कि कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर हर 10 मिनट में ट्रेनें गुजरती हैं। क्रॉसिंग बंद होने से जाम लगता है। आरओबी का कार्य जल्द पूरा होने से जाम से छुटकारा मिल सकता है।



रेडीमेड दुकानदार सचिन अवस्थी ने बताया कि शुक्लागंज में उनकी कपड़े की दुकान है संकरे और गड्ढा युक्त सड़क होने के कारण सुबह शाम आने-जाने के दौरान प्रतिदिन जाम का डांस झेलना पड़ रहा है।



देवारा निवासी चंद्र किशोर मिश्रा ने कहा कि बैराज मार्ग स्थित सरैयां क्रॉसिंग पर रोजाना जाम लग रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है।



शंकरपुर निवासी उदय कांत ने बताया कि गड्ढों के कारण कई बार ई-रिक्शा और अन्य वाहन पलट चुके हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार पैंच वर्क का का काम नहीं कर रहे हैं।



शंकरपुर सरांय गांव के पूर्व प्रधान अयोध्या प्रसाद ने कहा कि बैराज मार्ग के जाम की हकीकत देखने को एएसपी ने कुछ दिन पहले निरीक्षण कर गड्ढे भरने के निर्देश दिए थे। जिसमें खानापूरी कर दी गई।

# देने आई थी सिपाही बनने की परीक्षा, बन गई मां

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



कार से प्रसूता को उतरवाते स्टैटिक मजिस्ट्रेट व स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार



पीएचसी में बच्ची के साथ अभ्यर्थी। अमृत विचार

- पुलिस भर्ती परीक्षा देने आई गर्भवती को परीक्षा के दौरान प्रसव पीड़ा होने लगी
- महिला सिपाहियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसने बच्ची को जन्म दिया

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन बीघापुर क्षेत्र के पाटन निवासी महिला परीक्षार्थी शुक्लागंज के कंचन नगर स्थित परीक्षा केंद्र में पेपर देने आई थी। नौ माह के गर्भ से होने के कारण कक्ष में ही उसे प्रसव पीड़ा होने लगी। जिस पर उसने कक्ष निरीक्षक को बताया। इसके बाद केंद्र व्यवस्थापक ने स्टैटिक मजिस्ट्रेट को सूचना दी। स्टैटिक मजिस्ट्रेट निजी कार से आनन-फानन उसे न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। जहां कोई जिम्मेदार नहीं मिला। जिससे महिला ने कार में ही बच्ची को जन्म दे दिया। परीक्षा के दौरान बच्चे की किलकारी गूंजने से महिला परीक्षार्थी ने उसका नामांकरण भी कर दिया।

बीघापुर पाटन के आटमन्नू खेड़ा निवासी सुनीता देवी (29) ने पुलिस भर्ती का फार्म भरा था। रविवार को उत्तर प्रदेश पुलिस की प्रथम पाली में शुक्लागंज के कंचन नगर स्थित महर्षि दयानंद मिशन इंटर कॉलेज में उसका केन्द्र गया था। जहां सुबह के समय वह पेपर देने के लिये आई थी। जहां प्रथम पाली की परीक्षा देने के लिये कक्ष में पहुंची। पेपर देने के दौरान उसे अचानक प्रसव पीड़ा हुई। कक्ष में ड्यूटी कर रहे शिक्षक रमेश कुमार और गजेन्द्र बहादुर पटेल ने बताया कि महिला अभ्यर्थी को प्रसव पीड़ा हुई। आनन फानन कॉलेज की ओर से कार में स्टैटिक मजिस्ट्रेट बाल किशोर दुबे उसे लेकर शुक्लागंज पीएचसी पहुंचे। जहां डॉ. रवि सचान के अलावा अन्य महिला कर्मी छुट्टी पर थे। अस्पताल में कोई भी महिला स्वास्थ्य कर्मी मौजूद नहीं रही। जिस पर काफी देर तक महिला अस्पताल में कराहती रही। इस दौरान उसने कार में ही बच्ची को जन्म दे दिया। यह देख स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया और उनके हाथ पांव फूल गये। किसी तरह पुरुष स्वास्थ्य कर्मियों ने उसे स्ट्रेचर से प्रसव रूम में लेकर गए। जहां अस्पताल में मौजूद ट्रेनी महिला स्वास्थ्य कर्मी ने उसे संभाला। इस दौरान उसने एक बच्ची को जन्म दिया। जहां अस्पताल भाई कमलेश, देवर दिलीप और सास रजनी देवी पहुंची। जिसके बाद एम्बुलेंस से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया।

### पति की सड़क हादसे में हो चुकी है मौत

परीक्षार्थी सुनीता के पति दीपक सउदी में नौकरी करता था। वह घर आया था तभी पिछले वर्ष 22 जुलाई को पुरवा में मार्ग दुर्घटना में उसकी मौत हो गई थी। जिससे वह पूरी तरह से टूट गई।

### बेटी का नाम रखा आराध्या

सुनीता ने नावजात बच्ची को जन्म दिया। जिसके बाद बच्ची के माथे चूमती रही और उसे देखकर खुश हो गई। इस दौरान उसने बच्ची का नाम आराध्या रखा। उसकी पांच साल की एक और बेटी आर्या है।

# दूसरे दिन 1196 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



परीक्षा केन्द्र पर निरीक्षण करतीं सीओ माया राय। अमृत विचार

**पुलिस भर्ती परीक्षा**

- परीक्षा के दौरान दूसरे दिन भी रही कड़ी चौकसी

**अमृत विचार।** यूपी पुलिस की आरक्षी पदों के लिए दो दिवसीय लिखित भर्ती परीक्षा शांतिपूर्वक निपटने पर अफसरों ने राहत की सांस ली। जिले में बनाए गए 24 केंद्रो पर कड़ी निगरानी के बीच रविवार को दो पालियों में परीक्षा के दौरान कड़ी चौकसी रही। एसएसपी सहित अन्य अधिकारी लगातार भ्रमण करते रहे। अभ्यर्थियों को सघन तलाशी के बाद ही केंद्रो पर प्रवेश दिया गया। जिले में 42 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। इनमें 1885 सम्मलित नहीं हुए।

रविवार को दूसरे दिन जिले के 24 केंद्रों पर दो पालियों में पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा सकुशल निपटने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। दो पालियों में हुई परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए पुलिस व प्रशासनिक अफसरों ने कड़ी चौकसी रखी। एक-एक अभ्यार्थी को बायोमैट्रिक व मेटल डिटेक्टर की सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश मिल पाया। इसके चलते केंद्रों के बाहर लंबी कतारें लगी रही। परीक्षा के नोडल एएसपी अखिलेश सिंह ने जीजीआईसी, अटल बिहारी सहित अन्य केंद्रों का एडीएम नरेंद्र सिंह के साथ निरीक्षण किया। इसके अलावा स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने केंद्रों पर मुस्तैद रहे। वहीं जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा सीओ भी लगातार निगरानी करते रहे। परीक्षा केंद्रों के बाहर मौजूद पुलिस बल ने विद्यालय परिधि के 100 मीटर दायरे में किसी को रुकने नहीं दिया। पुलिस को सख्ती का परिणाम रहा की जिले के दोनों दिन शांति पूर्वक परीक्षा निपटी। पहली पाली में पंजीकृत 10,584 में 10,089 व दूसरी में 9,883 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। कुल 42,336 अभार्थियों में 1196 गैर हाजिर रहे।

### शुक्लागंज के पांच केन्द्रों में 237 परीक्षार्थी गैरहाजिर

पुलिस परीक्षा के दूसरे दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रथम और द्वितीय पाली में परीक्षा संपन्न हुई। वहीं दूसरे दिन दोनों पालियों में 237 परीक्षार्थियों ने दोनों पॉलियों में पुलिस की परीक्षा छोड़ी है। वहीं कोई अभ्यार्थी केन्द्र के अंदर इलेक्ट्रिनिक डिवाइस न ले जाये, इसके लिये मेटल डिटेक्टर से चेकिंग की गई। परीक्षा के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने केन्द्रों का जायजा लिया। वहीं गंगाघाट कोतवाली प्रभारी ने भी केन्द्रों में जाकर निरीक्षण किया। वहीं गोपीनाथ एसवीएम में पहली पाली में 16 दूसरी पाली में 37, गंगा नगर महते में प्रथम में 14 दूसरी में 24, अंबिका में प्रथम में 17, दूसरी में 28, कंचन नगर एमडीएस में प्रथम में 20, दूसरी में 27, पोनी रोड स्थित दयानंद में प्रथम में 33 और दूसरे में 21 अभ्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ी।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को दिया तलाक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों पर दर्ज किया मामला
- गर्भवती पीड़िता को पीट कर घर से निकाला था ससुरालीजनों ने

**अमृत विचार।** दहेज में बाइक व नकदी की मांग पूरी परी न होने पर पत्नी को तीन तलाक दे दिया। मामले में पुलिस ने पति समेत छह ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के निबहरा मोहल्ला निवासी मो. राजू की पुत्री सदफ खातून की शादी 11 अक्तूबर 2020 को जहानाबाद थाने के कोड़ा कटरा चुनपुज निवासी मो. इरफान के साथ हुई थी। सदफ खातून ने बताया कि बड़ी बहन गर्भवती को 19 मई 2021 को पति और ससुरालियों ने पीटकर घर से निकाल दिया था।

यासमीन की शादी भी उसी दिन मो. इरफान के बड़े भाई मो. इमरान के साथ हुई थी। कुछ दिन बाद पति मो. इरफान, जेठ मो. इमरान, सास कमरजहां, जेठ पप्पू, जेठ फरमान, ननद शबाना दहेज में एक लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करने लगे। कई बार उसके साथ मारपीट भी की गई। गर्भवती हालत में उसे 19 मई 2021 पति और ससुरालियों ने पीटकर घर से निकाल दिया। उसने मायके में 11 फरवरी 2022 को एक पुत्री आयत को जन्म दिया। पिता ने 18 मई 2023 को 50 हजार रुपये ससुरालियों को दिए। इसके बाद पति व ससुराली आठ फरवरी को घर आए। उन्होंने फिर एक बार बाइक की मांग रखी। मांग पूरी न करने पर ससुरालियों के उकसाने पर पति ने उसे वहीं पर तीन तलाक दे दिया। पुलिस से शिकायत करने पर उसे और बच्ची को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल एसबी सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# गणित में जितना अभ्यास, उतना ही शानदार परिणाम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**यूपी बोर्ड**

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट गणित की परीक्षा 29 फरवरी को होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि गणित में जितना अधिक अभ्यास करेंगे उतना ही शानदार रिजल्ट भी होगा। शहर के राजकीय इंटर कालेज में प्रधानाचार्य रहे उदय प्रभात ने बच्चों को टिप्स देते हुए बताया कि परीक्षा में अच्छे नंबर लाने हों तो कम से कम पिछले पांच साल का अनसॉल्वड पेपर जरूर हल कर लें।

संभव हो तो पेपर को तीन घंटे में हल करने की घर पर प्रैक्टिस करें जिस प्रकार एग्जाम में करते हैं। इससे आत्मविश्वास बढ़ेगा और परीक्षा के दौरान दबाव महसूस नहीं होगा। परीक्षा से पूर्व पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति एवं प्रत्येक टॉपिक से संबंधित उदाहरणों एवं प्रश्नों को हल करने का निरन्तर अभ्यास अवश्य करें।

**परीक्षाथियों के लिए जरुरी:** विद्यार्थी इस बात पर विशेष ध्यान दें कि गणित विषय में प्रश्नों के हल में प्रत्येक स्टेप पर अंक मिलते हैं। अति लघु उत्तरीय, लघु एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों को क्रमवार हल करें। परीक्षा समाप्त होने से 15 मिनट पहले एक बार फिर से सभी प्रश्नों के हल को देख लें तथा साथ में यह भी देख लें कि कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है।

### ऐसा होता है अंक विभाजन

| | |
|---|---|
| इकाई अंक सम्बन्ध तथा फलन | 10 |
| बीजगणित | 15 |
| कलन (अवकलन, समाकलन) | 44 |
| सदिश तथा त्रिविमीय ज्यामिती | 18 |
| रैखिक प्रोग्रामन | 05 |
| प्रायिकता | 08 |

- बोर्ड परीक्षा को लेकर छात्र छात्राओं में शुरू हो जाता तनाव व घबराहट
- परीक्षा समाप्त होने से 15 मिनट पहले फिर से सभी प्रश्नों के हल को देख लें
- बोर्ड परीक्षा के लिए विषय विशेषज्ञ दे रहे तनावमुक्त परीक्षा देने के टिप्स

### कुछ खास टिप्स

- प्रश्नपत्र में दिए गए प्रश्नों को हल करने से पूर्व ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें। प्रश्नपत्र में जिन प्रश्नों का हल स्पष्ट हो उसे पहले हल करें तत्पश्चात् जिन प्रश्नों में कठिनाई हो उसे बाद में हल करें।
- प्रश्नों को हल करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि आपने प्रश्न सही-सही उतारा है अथवा नहीं।
- प्रश्नों को हल करने में आवश्यक सभी चरण (स्टेप्स) जरूर लिखें।
- प्रश्नों के हल को स्पष्ट करने में आवश्यक चित्रों एवं ग्राफ का प्रयोग अवश्य करें।
- प्रश्नों को स्वच्छ वस्पष्ट से हल करें, ओवरराइटिंग, ज्यादा कटिंग न हो।
- रफ कार्य उत्तर पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ पर या दाहिनी ओर मार्जिन खींच कर करें तथा उस पृष्ठ के ऊपरी भाग पर रफ कार्य अंकित करें। रफ कार्य करने के पश्चात् एक सीधी रेखा से काट दें।
- रैखिक प्रोग्रामन के प्रश्नों को हल करते समय रेखाएं खींचने में स्केल व पेंसिल का प्रयोग अवश्य करें।
- समाकलन में सभी मानक समाकलनों को सूचीबद्ध करते हुए उन्हें याद करें।

### बहुविकल्पीय प्रश्न

प्राय: समुच्च सिद्धान्त, आव्यूह समाकलन, अवकलन एवं सदिश विश्लेषण से आते हैं। इनके अति लघुउत्तरीय प्रश्नों का पर्याप्त अभ्यास कर लें। लघुउत्तरीय प्रश्न, फलन, समुच्च सिद्धान्त, सदिश विश्लेषण प्रतिलोम वृतीय फलन और निर्देशांक ज्यामितीय से अधिक पूछे जाते हैं। इन प्रश्नों पर पर्याप्त अभ्यास करें।

### दीर्घउत्तरीय प्रश्न

अवकलन एवं समाकलन के अनुप्रयोगों, समाकलन द्वारा वक्रों से घिरे क्षेत्रफलों का निर्धारण, निश्चित समाकलन के प्रगुण और प्रायिकता से पूछे जाते हैं। ऐसे प्रश्नों का खूब अभ्यास कर लें। आव्यूह, सारणिक एवं प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलन पर ज्यादा ध्यान केन्द्रित करके अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं।

# ठेकेदार के साथियों ने भाजपा के दो सभासदों को पीटा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गांधीनगर निवासी दलित भाजपा सभासद अपने साथी सभासद के साथ रविवार रात काम से जा रहे थे। आरोप है कि ठेकेदार ने उन्हें रोक लिया और अपने साथियों के साथ जमकर मारा पीटा। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

गांधीनगर निवासी भाजपा सभासद रोहित कटारिया ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपने साथी आनंद नगर निवासी भाजपा सभासद प्रत्यय गुप्ता के साथ पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि के कार्यालय जा रहे थे। आरोप है कि तभी पालिका के ठेकेदार ने अपने परिवार के साथ उन्हें रोक लिया और मारा पीटा। बीच बचाव करने आए प्रत्यय को भी पीट दिया। जिससे दोनों को गंभीर चोटे आई हैं। आरोप है कि मारपीट के दौरान जाति सूचक गालियां भी दी। वहीं दूसरे पक्ष ने घर में घुसकर ताला तोड़ने और फायरिंग करने का आरोप लगाया है। जिस पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची जहां पुलिस ने जांच की। इसे लेकर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि ठेकेदार और सभासदों के बीच में विवाद हुआ है। फायरिंग जैसी कोई घटना नहीं हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

### अनियंत्रित इको गाड़ी खंदक में गिरी, कई घायल

**बिंदकी फतेहपुर।** शनिवार की रात तेज रफ्तार इको गाड़ी अनियंत्रित होकर खंदक में चली गई। इसके बाद हड़कंप मच गया। उस समय गाड़ी में 6 लोग सवार थे जिनको मामूली चोट आईं। सभी लोग गाड़ी से निकलकर अपने घरों को चले गए सुबह पुलिस ने गाड़ी को क्रेन से बाहर निकलाया। शनिवार की रात को नगर के कुंवरपुर रोड बाईपास में अनियंत्रित गाड़ी खंदक में चली गई। जिससमें गाड़ी में मौजूद लोगों के बीच चीख पुकार मच गई। गाड़ी में छह युवक सवार थे। सभी लोग सौह गांव से फतेहपुर शहर जा रहे थे। रविवार की सुबह कुछ युवक मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया।

**बीमारी के दिन** सर्दी, जुकाम व बुखार समेत अन्य बीमारियों से पीड़ित सैकड़ों मरीज पहुंच रहे निजी व सरकारी अस्पताल

# दिन में गरमी और रात में सर्दी होने से बढ़ रहे मरीज

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव



शुक्लागंज में आयोजित आरोग्य मेले में मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

- अस्पतालों में डॉक्टर्स फरवरी माह में मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहे

**अमृत विचार।** दिन में गर्म और रात में सर्द हो रहे मौसम से लोग बड़ी संख्या में बीमार पड़ रहे हैं। सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी, गले और पसलियों में दर्द आदि बीमारियों से पीड़ित सैकड़ों मरीज निजी व सरकारी अस्पताल पहुंच रहे हैं। जहां चिकित्सक उन्हें फरवरी में अधिक सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।

बता दें कि गत 10 फरवरी तक शीतलहर के चलते कड़ाके की ठंड रही। इसके बाद धीरे-धीरे धूप निकलना शुरू हुई। बीते शनिवार को क्षेत्र में अधिकतम तापमान 25 व न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से शाम तक निकलने वाली गुनगुनी धूप लोगों को तो खूब भा रही है। लेकिन रात में सर्दी, दिन में गर्मी लोगों को मौसमी बीमारियों के चपेट में ले रही है। निजी और सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भरमार है। सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार मौसम में बदलाव का असर घर-घर में देखने को मिल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन 5 से 6 सैकड़ा मरीज ओपीडी में आ रहे हैं।

अधिकांश लोग खांसी, जुकाम व बुखार से पीड़ित हैं। चिकित्सकों द्वारा मौसम में बदलाव को देखते हुए सतर्क रहने का सुझाव दिया जा रहा है। चिकित्सकों का मानना है कि बदलते मौसम में लापरवाही बरतना लोगों के लिए महंगा पड़ सकता है। सरकारी अस्पताल के डा. सुनील राठौर ने बताया कि इस मौसम में सर्दी, खांसी, बुखार व सीने में जकड़न जैसी स्वास्थ्य की कई समस्याएं बढ़ जाती है। इस समय हमें अपने घर के बच्चों और बड़े-बुजुर्गों की सेहत का खास ख्याल रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि 60 से अधिक आयु के बुजुर्गों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। ऐसे में सर्दी, खांसी, बुखार व बदन दर्द जैसी परेशानियों के साथ सांस लेने में परेशानी व अस्थमा का अटैक सामान्य समस्या है। ऐसे में सर्दी से बचाव ही इन मौसमी समस्याओं का समाधान है।

### जन आरोग्य मेले में 79 मरीजों का परीक्षण

**शुक्लागंज।** नगर के राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और दवाएं बांटी। इसके अलावा डा. शिप्रा झा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां दीं। वहीं अन्य डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 79 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान अमित कुशवाहा, सिद्धार्थ बाजपेई, अंजलि बाजपेई, अखिलेश व अस्पताल के अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# बागेश्वर धाम में होगा सामूहिक विवाह

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- बागेश्वर धाम में बुंदेलखंड महोत्सव में 151 सामूहिक कन्या विवाह होना है
- 108 कुण्डीय अति विष्णु महा यज्ञ महोत्सव अमर बलिदानियों के स्मृति में होगा



बैठक में जानकारी देते पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पंचम बुंदेलखंड महोत्सव के दौरान सामूहिक विवाह विश्व महायज्ञ महोत्सव बागेश्वर धाम में होना है। जिसे देखते हुये रविवार को राजधानी मार्ग पर पदाधिकारियों ने एक बैठक की। इस दौरान होने वाले कार्यक्रम को लेकर चर्चा की और कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाने के लिये पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी।

बागेश्वर धाम में पंचम बुंदेलखंड महोत्सव में 151 सामूहिक कन्या विवाह व 108 कुण्डीय अति विष्णु महायज्ञ महोत्सव होना है। जिसे देखते हुये रविवार को राजधानी मार्ग पर एक बैठक हुई। जहां बैठक को संबोधित करते हुये राजेश सिंह ने बताया कि बागेश्वर धाम के लिये नये सदस्यों को जोड़कर सनातन धर्म व भारत व हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिये हिन्दू समाज को जोड़कर देश की अखंडता व प्रभुता को संबल प्रदान करेंगे। सतीश शुक्ला ने कहा कि 151 सामूहिक कन्या विवाह व 108 कुण्डीय अति विष्णु महायज्ञ महोत्सव भारत देश के अमरवीर बलिदानियों के पुण्य स्मरण में समर्पित होगा। इस मौके पर दुर्गेश सिंह, मनोज तिवारी, आदर्श तिवारी, विजय गुप्ता, राधामोहन मिश्रा, धीरज, दुर्गेश पांडे, गौरव वर्मा, गोपाल मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में महिला समेत दो की मौत

## गदन खेड़ा में महिला को ट्रक ने रौंदा, पिता व ससुर घायल, फतेहपुर चौरासी में ट्रैक्टर से गिर कर मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


विनोद।


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत गदन खेड़ा चौराहा के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसलने से पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर गई। तभी पीछे से आए ट्रक ने उसे रौंद दिया। हादसे में उसके पिता व ससुर भी गंभीर घायल हो गए। वहीं, फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत सरसों की थ्रेसरिंग करने जाते समय ट्रैक्टर में बैठा मजदूर नीचे गिरकर पहिये के नीचे आ गया। इसमें उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

**केस 01** **बेहटा मुजावर थानांतर्गत कन्हईखेड़ा गांव** निवासी उमेश पाल की 26 वर्षीय पत्नी पूजा बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गौरी गांव स्थित अपने मायके में थी। ससुर बुद्धिलाल पुत्र स्व. सरयू प्रसाद उसे विदा कराने आए थे। रविवार दोपहर बाद पूजा के पिता राम प्रकाश पुत्र स्व. राम जीवन समधी व बेटी को बाइक से शहर के हरदोई पुल पर बांगरमऊ जाने वाली बस पर बैठाने के लिए निकले थे। सदर कोतवाली क्षेत्र के गदनखेड़ा चौराहे पर बाइक अचानक अनियंत्रित हुई और पीछे बैठी पूजा ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं पिता व ससुर गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं, घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर दोनों घरों में कोहराम मच गया। इसी दौरान हादसे को सोशल मीडिया पर दिवंगत महिला के सिपाही भर्ती परीक्षा देकर लौटने की बात वायरल होती देख पुलिस भी चौकन्ना हुई और इसका खंडन किया।

**केस 02** **फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत कस्बा ऊगू** के मोहल्ला नेवादा निवासी विनोद (35) पुत्र बंशीलाल मजदूरी कर परिवार की जीविका चलाता था। रविवार को ट्रैक्टर चालक सोनू निवासी माथर के साथ सरसों की थ्रेसरिंग की मशीन पर कार्य करने सहरिया बंगला गांव जा रहा था। सुबह करीब साढ़े 10 बजे खैरी गुरुदासपुर गांव के मोड़ पर विनोद ट्रैक्टर से नीचे गिरकर ट्राली के पहिए के नीचे आकर गंभीर घायल हो गया। उसे सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से मां ब्रजरानी, पत्नी अनिता, बेटी सायरा व पूजा रो-रोकर बेहाल हैं। इंस्पेक्टर राजेश पाठक ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### अज्ञात बाइक चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**औरास।** थानाक्षेत्र के रामपुर खंझड़ी गांव निवासी कमलेश तिवारी का लखनऊ के बालागंज मोहल्ले में भी मकान है। बीती 14 फरवरी को कमलेश का बेटा गौरव लखनऊ से अपनी दादी रामकुमारी (82) को बाइक पर बैठाकर गांव आ रहा था। तभी एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर सहदोई गांव के सामने नेहरा बाबा मंदिर के पास पीछे से आ रहा तेज रफ्तार बाइक सवार गौरव की बाइक में टक्कर मारकर निकल गया था। सड़क पर गिरने से रामकुमारी घायल हो गई थी। गौरव ने उन्हें सीएचसी औरास में भर्ती कराया था। जहां से उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था। उसी दिन ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान उनकी मौत हुई थी। रविवार को मृतका के बेटे कमलेश ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ तहरीर दी। एसओ रेखा सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# मौजूदा सरकार की मनमानी की शिकार है किसान, मजदूर और युवा: अन्नू टंडन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


सभा में मौजूद लोगों को संबोधित करतीं सपा की लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन।

**अमृत विचार।** मिथलेश कुमारी व सुंदर लाल लोधी इंटर कालेज नवाबगंज के प्रांगण में जागरूक लोधी मतदाता मंच द्वारा लोधी समाज के प्रमुख लोगों की सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अन्नू टंडन ने कहा कि जो देश के मान सम्मान व समाज की मजबूती के लिये शहीद गुलाब सिंह लोधी ने अत्याचारी शासन के खिलाफ संघर्ष करते हुये शहादत दी।

उसी प्रेरणा से आज हम वर्तमान सरकार की मनमानी से त्रस्त किसान, मजदूर, युवा व महिला के सम्मान की रक्षा के लिये मजबूती से खड़ी हुई हूं। मैने हमेशा उन्नाव के सर्व समाज के क्रान्तिवीर अमर शहीद जसा सिंह, महाराजा सातन पासी, अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी, अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद, अमर शहीद राजा राव राम बक्श सिंह व मूर्धन्य पं. प्रताप नारायण मिश्र व मौनान हसरत मोहानी के सम्मान की इबारत को देश के पटल में सम्मानित ढंग से स्थान दिलाने का कार्य किया क्योंकि उन्नाव के इन वीर सपूतों ने समाज को सकारात्मक, बिना जाति धर्म पूछे व्यवस्थित करने व उसके लिये काम करने की प्रेरणा हमें दी।

इस मौके पर सपा के राष्ट्रीय सचिव सुंदरलाल लोधी, रायबरेली के विधायक राहुल लोधी, राज कुमार लोधी, राजेन्द्र लोधी, रामकिशुन लोधी, राज कुमार लोधी, कमलेश लोधी, संदीप लोधी, रामखेलावन लोधी, नंदू प्रधान, जीतेन्द्र लोधी, मोतीलाल लोधी, राम किशोर लोधी, शिव शंकर लोधी, सूरज पाल लोधी, महेश लोधी, पंकज लोधी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# पीकेसी ने फाइनल में बनाई जगह

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि व आयोजक। अमृत विचार

- पं. दीनदयाल स्टेडियम में चल रही डा. सुखदेव प्रसाद गुप्ता अंडर-16 क्रिकेट लीग

**अमृत विचार।** पं. दीनदयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) द्वारा आयोजित 15वीं डा. सुखदेव प्रसाद गुप्ता अंडर-16 जनपदीय क्रिकेट लीग में रविवार को खेले गए मैच में प्रदीप कृष्ण क्लब (पीकेसी) ने अगस्त क्लब को 40 रन से हराकर दूसरा मैच भी जीत लिया। इसके साथ ही टीम ने फाइनल में अपना स्थान बना लिया।

मैच से पूर्व अगस्त क्लब के कप्तान मानविक ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का निर्णय लिया। पीकेसी ने निर्धारित 30 ओवर के मैच में 8 विकेट खोकर 176 रन बनाए। जिसमें शुभम ने 8 चौकों की सहायता से 69 रन, प्रद्युमन ने 22 व अविनाश ने नाबाद 20 रन बनाए। अगस्त क्लब की ओर से बालिंग करते हुए अभिनव ने 4, आदित्य 2 और मानविक में 1 विकेट झटके। बल्लेबाजी करने उतरी अगस्त क्लब की टीम 26.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 136 रन ही बना सकी। जिसमें कप्तान मानविक ने एक छक्का व दो चौकों की सहायता से 33, दीपांशु ने 30 व विलाल ने 29 रन बनाए। पीकेसी के ओर से यश ठाकुर ने 3, विवेक शर्मा ने 2 और अविनाश व मोहित ने एक-एक विकेट प्राप्त किये। मैच से पूर्व उच्च न्यायालय के अधिवक्ता ओपी तिवारी ने एक ओवर बैटिंग करके मैच का शुभारंभ किया। इस दौरान अभिनव त्रिपाठी, अभिषेक श्रीवास्तव, संदीप यादव, स्पर्श गुप्ता, शिशिर बाजपेई, रामबालक यादव, सुभाष त्रिवेदी, सुनील मिश्रा आदि मौजूद रहे। डीसीए महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि सोमवा का मैच बैंकर्स-11 व अगस्त क्लब के बीच खेला जाएगा।

# ससुराल से लौटने के बाद युवक फांसी पर झूला

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- घर के बाहर पेड़ पर लटका मिला शव


पंकज।

**अमृत विचार।** असोहा थानांतर्गत ससुराल में आयोजित शादी समारोह से लौटे युवक ने घर के बाहर लगे नीम पेड़ में फांसी लगाकर जान दे दी। बेटे को फंदे से लटका देख मां के होश उड़ गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

असोहा क्षेत्र के गांव इमिलहा खेड़ा निवासी शिवशंकर क्षेत्र के असावर गांव में चौकीदार है। उसका बेटा पंकज (28) शनिवार को पुरवा क्षेत्र के मनिकापुर गांव स्थित अपनी ससुराल में साली की शादी में शामिल होने गया था। जहां से वह देर रात तीन बजे लौटा था। उस समय वह काफी परेशान था। मां कुसमा ने उससे कारण जानने की कोशिश की लेकिन, उसने कुछ नहीं बताया। इसके बाद उसने घर के पास लगे नीम के पेड़ में निवाड़ का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। किसी काम से मां बाहर निकली तो बेटे को लटका देख उसके होश उड़ गए। चीख सुन पड़ोसी पहुंचे और खेत में खड़ी फसल की रखवाली कर रहे पिता को इसकी जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिता शिवशंकर ने बताया कि पंकज कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। जिसके चलते उसने यह कदम उठाया है। पत्नी नीतू व भाई मनोज रो-रोकर बेहाल रहे। एसओ राजबहादुर ने बताया कि पिता ने आत्महत्या की तहरीर दी है।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर बैठक

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को नगर कांग्रेस कमेटी ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर आनंद नगर में बैठक हुई। जिसमें कार्यकर्ताओं ने यात्रा को सफल बनाने को लेकर चर्चा की।

बैठक मे प्रदेश सचिव एवं लोकसभा प्रभारी आदर्श पटेल ने यात्रा को सफल बनाने के लिये सबको एकत्रित करने की बात कही। जिला अध्यक्ष आरती बाजपेयी ने कहा कि निर्धारित स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत होगा। नगर के कार्यवाहक अध्यक्ष मयंक बाजपेयी ने बताया कि मरहला चौराहा और गंगाघाट थाने के पास स्वागत किया जाएगा। कमल तिवारी, आशीष त्रिपाठी, पुत्तीलाल वर्मा, संजय सिंह, रवि शंकर गुप्ता, प्रेम शंकर बाजपई, दूध नाथ वर्मा, दयाशंकर शुक्ल, मो रईस, इजराइल, जयपाल साहू, संजय बाजपेई, हनीफ, पंकज सिंह, राम सिंह, पिंटू तिवारी, शिप्रा गौतम, दिनेश निषाद मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


समरसता भोज के दौरान संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते शिक्षक।

### सरस्वती संस्कार केन्द्र में हुआ समरसता भोज का आयोजन

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर की ओर से हर साल की तरह इस साल भी सरस्वती संस्कार केंद्र रविदास नगर में समरसता भोज का आयोजन हुआ। जहां सभी ने भोज का आनंद लिया। रविदास नगर में हुये समरसता भोज के दौरान रविदास प्रतिमा पर सभी ने माल्यार्पण किया। जिसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुये आचार्य अनिल मिश्रा और केन्द्र प्रमुख बराती लाल ने बताया कि भारत एक विशालकाय देश है। यहां कई जाति धर्म के लोग रहते हैं। किसी भी देश के विकास में यह सामाजिक भेदभाव से कई सारी समस्या उत्पन्न होती है। भेदभाव को खत्म करना और समाज के सभी वर्गों के लोगों में प्रेम भाव उत्पन्न करके सामाजिक समरसता अपनाना है। प्रबन्धक राकेश ने समझाया कि जातिगत भेदभाव एवं अस्पृश्यता को दूर कर लोगों में परस्पर प्रेम एवं सौहार्द बढ़ाना तथा समाज के सभी वर्गों एवं वर्णों के मध्य एकता स्थापित करना ही सामाजिक समरसता है। इस मौके पर भूपेन्द्र, प्रधानाचार्य अनुपम सिंह, छोटेलाल, ओमप्रकाश, सूरज साहू, गंगागोविन्द, राकेश तिवारी, उमेश, सुरेश, प्रेमशंकर, सुरेन्द्र, प्रहलाद, अजय, लक्ष्मी, गोविन्द, जगदीश, अरुण, मालती, वन्दना, अल्का, कोमल, अनुराग, रवि आदि मौजूद रहे।

### आधे घंटे का ब्लॉक लेकर ओएचई की हुई मरम्मत

**शुक्लागंज।** कानपुर-लखनऊ रेलरूट स्थित डाउन लाइन पर ओएचई केवल की मरम्मत के लिए रविवार शाम टावर वैगन पहुंचा। जहां गंगाघाट स्टेशन से मगरवारा के बीच की मरम्मत का कार्य किया गया। कानपुर-लखनऊ रूट पर ओएचई में कार्बन साफ करने के अलावा अन्य मरम्मतीकरण के लिए रविवार शाम 4:35 से 5:05 बजे तक आधे घंटे का ब्लॉक लिया गया। इस दौरान गंगाघाट से मगरवारा रेलवे स्टेशन के बीच केबल की मरम्मत की गई। मरम्मत के दौरान रेल संचालन प्रभावित रहा।

### सीएम तक जाएंगे बाल सुधार गृह भेजे गए बच्चों के परिजन

**उन्नाव।** मौरावां थानांतर्गत खेलते समय नौ वर्षीय मासूम के साथ गैंगरेप के आरोप में बाल सुधार ग्रह भेजे गए दो सगे भाइयों सहित तीन किशोरों के परिजनों ने षड़यंत्र के तहत फंसाने का आरोप लगाया है। परिजनों ने मामले की शिकायत सीएम से करने की बात कही है। बता दें कि नौ साल की बच्ची से आठ, 10 व 11 साल के बच्चों पर बीती सात फरवरी को खेलते समय गैंगरेप का आरोप लगाते हुए घटना के कई दिन बाद बच्ची की मां ने मौरावां पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। पहले रिपोर्ट लिखाने के लिए पीड़ित परिवार तैयार नहीं था। मामला चर्चा में आने के बाद रिपोर्ट दर्ज हुई। शनिवार को सभी आरोपियों को पुलिस ने बाल सुधार गृह भेज दिया। इसके बाद बाल सुधार गृह भेजे गए बच्चों के परिजन भी आहत हैं। वह पूरे प्रकरण को गांव की राजनीति से जोड़कर अपने साथ साजिश किए जाने का आरोप लगा रहे हैं और पूरे प्रकरण को सीएम दरबार तक ले जाने की बात कह रहे हैं। सूत्र बताते है कि तीनों को पुलिस उनकी मां के साथ घर पूछताछ करने का विश्वास देकर लाई थी। इसके दोनो महिलाओं को पुरवा कोतवाली में उतार दिया और तीनों को लेकर उन्नाव चली गई थी। द्वेष भावना से बच्चों को फसाया जा रहा है। एक आरोपी की बहन की जुलाई माह में शादी है। परिवार को शादी टूटने का भी डर सता रहा है।

### कोचीन के निकलने से तीन मिनट रुकी वंदे भारत

**शुक्लागंज उन्नाव।** कानपुर से लखनऊ की ओर जा रही वंदे भारत को रविवार को एक बार फिर रूट क्लियर न होने पर तीन मिनट तक स्टेशन पर रुकना पड़ा। जिसके बाद उसे लखनऊ की ओर रवाना किया गया। कानपुर से लखनऊ जाने के लिये रविवार सुबह करीब 11:15 बजे कोचीन एक्सप्रेस गंगाघाट स्टेशन पर पहुंची। जहां उसे सिग्नल दे दिया गया। इसी बीच 11:18 बजे पीछे से वंदे भारत आ गई। आगे कोचीन के कारण तीन मिनट तक वंदे भारत को रोकना पड़ा। रूट क्लियर होने के बाद ट्रेन को लखनऊ की ओर रवाना किया गया।

# ढालते समय ढही छत पांच मजदूर घायल

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

- बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत फतेहपुर हमजा गांव में हुआ हादसा
- शटरिंग की एक बल्ली नीचे से हिल जाने की वजह से हुआ हादसा

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत एक निर्माणाधीन मकान की स्लेप अचानक भरभरा का ढह गई। इसकी चपेट में आकर काम कर रहे पांच मजदूर घायल हो गए। सभी को सीएचसी लाया गाया। इसमें एक की हालत गंभीर देख उसे रेफर किया गया।

बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत फतेहपुर हमजा गांव निवासी अंसार पुत्र कल्लू के मकान में रविवार को एक दर्जन मजदूर स्लैब ढलाई के काम में लगे थे। बताते हैं कि डेढ़ बजे दोपहर स्लेप रोकने के लिए लगाई गई शटरिंग की एक बल्ली नीचे से हिल गई। इससे छत का कुछ हिस्सा भराकर नीचे गिर गया। इसमें काम पर लगे मजदूर मलबे में दब गए। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। शोर सुन पड़ोसी दौड़े और अन्य लोगों की मदद से घायल हुए चार मजदूरों को सीएचसी लाए। जहां से अधिक गंभीर घायल सुरेंद्र पुत्र छोटेलाल निवासी मेला आलमशाह, रंजीत पुत्र गजराज निवासी माथर सफीपुर, संजू पुत्र मुन्नू निवासी आलमपुर रेतवा, गुड्डू पुत्र बाबूलाल निवासी माथर सफीपुर को प्राथमिक उपचार देकर रेफर कर दिया गया। घायलों में सुरेंद्र की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं घायल कल्लू को उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

# किशोरी ने ठेकेदार पर मारने-पीटने का लगाया आरोप

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी निवासी एक किशोरी अस्पताल में काम रह रही थी, तभी उसने ठेकेदार से पैसे मांगे। जिस पर ठेकेदार ने उसे मारा पीटा और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। उसने पुलिस से शिकायत की है।

मूलरूप से मदौहा निवासी पिंकी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि वह सहजनी में किराये के कमरे में परिवार के साथ रहती है। रविवार सुबह मरहला चौकी के पास अस्पताल में परिवार के साथ अस्पताल पहुंची। दोपहर करीब बारह बजे आस पास निर्माण कार्य की जगह पर वहीं के ठेकेदार से पैसे मांगे। जिस पर वह आग बाबूला हो गया। आरोप है कि उसने गला दबाकर मारा पीटा और परिवार को जान से मारने की धमकी दी।



फेयरवेल पार्टी में कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व विद्यालय स्टाफ। अमृत विचार

# जूनियरों ने सीनियर्स का किया सम्मान

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** कस्बा गंजमुरादाबाद स्थित जीनियस पब्लिक इंटर कालेज में कक्षा 10 व 12 के छात्र-छात्राओं का फेयरवेल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक जुल्फ़िकार अली ने किया।

प्रबंधक ने यूपी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने व सुंदर भविष्य की कामनाओं के साथ सभी बच्चों को विदा किया।

इस मौके पर कक्षा-11 के बच्चों ने सीनियर्स को शुभकामनाएं देने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। प्रबंधक ने कहा कि हर वर्ष हमारे स्कूल के बच्चे न सिर्फ अच्छे नंबरों से पास होते हैं बल्कि जिले की मेरिट लिस्ट में भी स्थान बनाने में सफल होते हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इस स्कूल के बच्चे निश्चित रूप से बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर की मेरिट लिस्ट में भी स्थान बनाने में सफल होंगे। इस मौके पर प्रबंधक ने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के अशोक शर्मा, आदर्श पांडेय, आशीष यादव आदि ने भी बच्चों को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी।

**सामूहिक विवाह में भ्रष्टाचार** | सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र के जगतपुर ग्राम पंचायत की प्रधान के परिवार की है लड़की

# 35 हजार नगद, 10 हजार के सामान के लिये दोबारा शादी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- रविवार को बीघापुर ब्लाक में आयोजित सामूहिक विवाह में दोबारा रचाई शादी
- 10 मई 2023 को बीघापुर ब्लाक क्षेत्र के कुंम्भी अकबरपुर से आई थी बारात


रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में मौजूद जोड़ा।


शादी के दौरान लड़की वालों द्वारा छपवाया गया कैलेंडर।

**अमृत विचार।** उन्नाव के सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में मिलने वाले 35 हजार नगद और 10 हजार का सामान पाने के लिये एक विवाहित जोड़े ने रविवार को दोबारा शादी रचा डाली। इस जोड़े की मई-2023 में विधिवत हिन्दू रीति रिवाज से शादी हो चुकी थी। प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी की मिलीभगत से योजना का लाभ रविवार को बीघापुर ब्लाक में सम्पन्न हुए सामूहिक विवाह समारोह में इस विवाहित जोड़े ने आसानी से पा लिया। चर्चा आम होने पर जिम्मेदार मामले को मैनेज करने में जुटे हैं।

मामला उन्नाव के सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत जगतपुर का है। यहां की ग्राम प्रधान के परिवार की रेखा पुत्री देवदत्त उर्फ पुत्तन का विवाह 10 मई-2023 को कुम्भी अकबरपुर निवासी जितेंद्र पुत्र मक्खन लाल के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ हुआ था। ग्रामीणों की मानें तो 10 मई को बाकायदा बारात आयी थी और जयमाल भी हुआ था। लेकिन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने के लिए रेखा ने ऑनलाइन आवेदन किया। जिम्मेदारों ने भी मामला ग्राम प्रधान के परिवार का होने के कारण क्लीनचिट दे दी। रविवार को बीघापुर ब्लाक में हुए विवाह समारोह में दोबारा रेखा और जितेंद्र शादी के बंधन में बंधे। उन्हें इसका पूरा लाभ भी दिया गया। हालांकि विवाह के बाद पूर्व में शादी होने की जानकारी भी अफसरों को हुई लेकिन मामले को दबा दिया। एडीओ समाज कल्याण ब्रम्हदेव पांडेय ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच हो रही है। यदि आरोप सच हुआ तो वर-वधू से रिकवरी व एफआईआर के साथ जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### क्या है योजना

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब लड़कियों को विवाह के लिए सहायता देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा लागू है। योजना के तहत ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने पर ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी द्वारा लड़की के पात्र और अविवाहित होने की स्वीकृति दी जाती है। इसके बाद लड़की के खाते में 35 हजार रुपये नगद दिए जाते हैं और 10 हजार का सामान उपहार स्वरूप दिया जाता है। इसके अलावा प्रति जोड़ा 6 हजार रुपये विवाह समारोह में भोजन व अन्य व्यवस्था पर खर्च किया जाता है।

# पुलिस ने 27 रूठे जोड़ों को मना कर साथ-साथ रहने को किया राजी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


महिला थाना में मौजूद जोड़ा। अमृत विचार

- पुलिस लाइन व कोतवाली के महिला हेल्प डेस्क में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन

**अमृत विचार।** आपसी मनमुटाव के बाद थाना-कोतवालियों तक पहुंचे पति-पत्नियों के विवाद को सुलह समझौता से निस्तारित कराने के लिए जारी मुहिम के तहत रविवार को परिवार पारामर्श केंद्र व महिला हेल्प डेस्क में विवादित जोड़ों को बुलाया गया। दंपतियों सहित उनके परिजनों की काउंसिलिंग के बाद 27 जोड़े गिले शिकवे भूलकर फिर साथ रहने के लिए एक साथ घर को निकले।

पति-पत्नी के बीच के आई दरार पाटने के लिए एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर रविवार को पुलिस लाइन परिसर में परिवार परार्मश केंद्र व थाना-कोतवालियों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आपस में वार्ता कराई गई। इसके बाद 27 दंपति विवाद भूल कर एक साथ रहने का वादा लेकर विदा किए गए। इनमें महिला थाना से आठ, मौरावां से चार, अजगैन से तीन, औरास, अचलगंज व गंगाघाट से दो-दो, बीघापुर, सदर कोतवाली, सफीपुर, बांगरमऊ, आसीवन व बेहटामुजावर से एक-एक जोड़ा जीवन भर साथ रहने का वादा लेकर विदा हुए। इसमें डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में राजेन्द्र सिंह सेंगर, डा. एसके पाण्डेय, डा. शशि रंजना अग्निहोत्री, साबिहा उमर, अबसार अली खान का विशेष योगदान रहा।

